


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, शनिवार 18 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष -12 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-320 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 फरवरी 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### अभिनेता शाहनवाज का निधन

**मुंबई,18 फरवरी।** मशहूर कलाकार शाहनवाज प्रधान का दिल का दौरा पड़ने से शुक्रवार देर रात निधन हो गया। वह 56 साल के थे। बताया जा रहा है कि उन्हें



कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। शाहनवाज प्रधान ने मिर्जापुर वेब सीरीज में गुड्डू भैया के ससुर का किरदार निभाया था। बता दें कि शाहनवाज प्रधान का जन्म उड़ीसा के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था।

### आईईडी बम से बाल बाल बचे जवान

**बलरामपुर,18 फरवरी।** झारखंड की सीमा से लगे बलरामपुर जिले के सामरी के बरडीह गांव से लगे जंगल में नक्सलियों द्वारा छिपाकर लगाई आईईडी सीआरपीएफ की टीम ने बरामद की है। विस्फोटक के अलावा लंबा तार और कई डिब्बे मिले हैं। विस्फोटक बरामद करने में सीआरपीएफ के स्नीफर डॉग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम के साथ डॉग भी चल रहा था। सीआरपीएफ के अनुसार पिछले कुछ दिनों से मुखबिर से पता चल रहा था कि सीमावर्ती इलाके बारडीह के जंगल में नक्सलियों ने आईईडी लगाई है। सीआरपीएफ 62वीं वाहिनी के ए 62 कंपनी के कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के निर्देशन में टीम पेट्रोलिंग पर निकली। टीम के साथ स्नीफर डॉग भी था। जंगल में डॉग एक जगह अचानक रुक गया। तलाशी ली तो उस जगह आईईडी मिली।

### प्रदेश भाजयुमो की कार्यकारिणी घोषित

**रायपुर,18 फरवरी।** भाजयुमो ने कार्यकारिणी घोषित कर दी है। प्रदेश पदाधिकारियों के अलावे जिलाध्यक्ष और महामंत्रियों की सूची भी जारी की गयी है। 8 जिलों के अध्यक्ष के साथ-साथ 2 महामंत्री बनाये गये हैं। दुर्ग-भिलाई केलिए अलग-अलग जिलाध्यक्ष घोषित किये गये हैं, वहीं जशपुर में शौर्य प्रताप सिंह जूदेव को भाजयुमो अध्यक्ष बनाया गया है।

### 20 फीट खाई में गिरी पिकअप, 15 घायल

**कवर्धा,18 फरवरी।** जिले के लोहारा थाना क्षेत्र में बीती रात घानीखूंटा घाट पर पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर 20 फीट खाई में पलटकर जा गिरी. इस हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं। वहीं 6 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पिकअप में 25 लोग सवार थे. जोशी परिवार रेंगाखार के पास ग्राम मुड़हीपार गांव आयुर्वेदिक उपचार कराने गए थे. यहां से लौटने के दौरान पिकअप घानीखूंटा घाट में 20 फीट खाई में जा गिरी. इस हादसे में दो महिला समेत 15 लोगों को चोट आई है. वहीं 6 लोगों की हालत नाजुक है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में ले जाया गया है।

### सेंट्रिंग प्लेट गिरने से एक मजदूर की मौत,9 घायल

**जशपुर,18 फरवरी।** पत्थलगांव में बीती रात ढलाई का सेंट्रिंग गिर जाने से एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई है जबकि 9 गंभीर रूप से घायल है।1 की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है जिसे उपचार के लिए रायगढ़ रेफर किया गया है। घटना बीती रात की है।पत्थलगांव के कश्मीरी गली में रात करीब साढ़े 11 बजे हादसा हुआ है ।बताया जा रहा है कि रात को बिल्डिंग के एक छज्जे की ढलाई से पूर्व सेंटरिंग किया जा रहा था।



# शिवधाम में महादेव के अलौकिक दर्शन

- पूजन, अभिषेक व विशेष श्रृंगार
- राजधानी हुई शिवमय

**रायपुर, 18 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आज महाशिवरात्रि पर पूरा प्रदेश भगवान शंकर व देवी पार्वती की सप्तपदी का पर्व मना रहा है। शंकर-पार्वती के इस वैवाहिक प्रसंग पर ग्राम तुलसी (पाटन) स्थित प्रसिद्ध शिवधाम में अनेक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। भोले भंडारी का पूजन व अभिषेक विधि विधान से किया गया। अलग-अलग द्रव्यों से महाशिवलिंग का अभिषेक करने पूरे दिन शिव भक्तों का तांता लगा रहा। शिवधाम शोध एवं संस्थान द्वारा महादेव की प्रेरणा से ग्राम तुलसी में पावन खारून नदी के तट पर भव्य शिव मंदिर का निर्माण किया गया है। इस मंदिर की खासियत यह है कि यहां पारा निर्मित शिवलिंग का भी दर्शन लाभ मिलता है। शिवधाम में आज प्रातः 11 बजे से पूजन व रूद्राभिषेक का शुभारंभ हुआ। बड़ी संख्या में भक्तों ने पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ महाकाल का अभिषेक किए महादेव के दर्शन व अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का भीड़ लगी रही। दोपहर प्रसादी का वितरण किया गया। शाम छः बजकर तीन मिनट से प्रहर पूजन प्रारंभ होगा। यह रात्रि 3.24 से 6.32 तक चलेगा। शिवधाम रायपुर, अमलेश्वर, मोतीपुर झीट होते हुए पाटन रोड पर ग्राम तुलसी में स्थित है। शिवधाम के विशाल परिसर में गुरुदेव अघोरेश्वर भगवान राम व माँ अघोरेश्वरी काली का भी मंदिर है। महाशिवरात्रि पर राजधानी के सभी शिवालयों में शिवलिंग का अभिषेक व पूजन कर विशेष श्रृंगार किया गया। भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र व धतूरा के फल चढ़ाए। नीलकंठेश्वर मंदिर तथा राजीव नगर कालोनी में महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। यहां भंडारा का भी आयोजन किया गया। शाम को संतोषी नगर चौक से गणराज परिवार द्वारा शिवजी की बारात निकाली गई।



# शोभायात्रा के साथ शाही स्नान सम्पन्न

**राजिम,18 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

हल्की गुलाबी ठंड के बीच महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शनिवार की तड़के सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने राजिम के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाए और भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर अपने आप को धन्य किया। धर्म के प्रति आस्था का जूनुन शुक्रवार की रात से ही देखने को मिल रहा था। आस्था और श्रद्धा के चलते भोलेनाथ महादेव जी के प्रति अटूट भक्ति रखने वाले भक्त तड़के 3 बजे से ही राजिम संगम की धार में डुबकी लगाने पहुंच गए थे। महाशिवरात्रि पर इस पुण्य स्नान को काफी महत्व माना जाता है, इसलिए तड़के सुबह से लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुगण पुण्य स्नान कर दीपदान किया। पश्चात दर्शनार्थियों की लम्बी लाईन श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर और श्री राजीव लोचन मंदिर, बाबा गरीब नाथ की ओर लग गई। श्रद्धालुगण भगवान के दर्शन करने लाईन में डटे अपनी बारी की इंतजार करते रहे। यह सिलसिला तड़के तीन बजे से जारी रहा है। वैसे महाशिवरात्रि पर्व में स्नान के बाद दीपदान करने की परंपरा कई सौ वर्षों पहले से ही चली आ रही है। इस परंपरा और श्रद्धा का पालन आज भी श्रद्धालुगण करते देखा गया है। नदी की धार में दोने में रखा दीपक की लौ किसी जुगनू की भांति चमकती नजर आई। कई महिलाओं ने रेत का शिवलिंग बना कर बहुत ही श्रद्धा के साथ बेल पत्ता, धतुरा के फूल चढ़ाकर आरती भी किया। मान्यता के अनुसार यहां कई भक्त नदी अपने मासूम बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया है।

## जॉर्ज सोरोस बूढ़े, मतलबी और कहानियां बनाने में माहिर : विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली,18 फरवरी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को भारत के लोकतंत्र पर अपनी टिप्पणी के लिए अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस पर तंज कसते हुए कहा कि वह ÷बूढ़े, अमीर, मतलबी और खतरनाक हैं, जो कहानियां बनाने में माहिर हैं।÷ जयशंकर ने कहा कि जब चुनावी नतीजे उनकी पसंद के मुताबिक नहीं होते हैं तो सोरोस जैसे लोग लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल उठाने लगते हैं। जयशंकर ने इस वक्त ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। यहा एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कुछ साल पहले, उन्होंने हम पर लाखों मुसलमानों की नागरिकता छीनने की योजना बनाने का आरोप लगाया, जो निश्चित रूप से नहीं हुआ था। यह एक हास्यास्पद था। लेकिन आपको यह समझना होगा कि इसका वास्तव में क्या मतलब है? मैं मानता हूं कि सोरोस न्यूयॉर्क में बैठे एक पुराने, समृद्ध विचारों वाले व्यक्ति हैं जो अभी भी सोचते हैं कि उनके विचारों से निर्धारित होता है कि पूरी दुनिया कैसे काम करती है। जयशंकर ने आगे कहा, अब अगर मैं केवल बूढ़े, अमीर और स्वच्छंद विचारों पर ही रुक जाता, तो मैं इसे दूर कर देता।

## 25 अप्रैल को खुलेंगे केदारनाथ मंदिर के कपाट

**देहरादून,18 फरवरी।** महाशिवरात्रि शिव जी के भक्तों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है. उत्तराखंड में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट कब खुलेंगे, इस बात का ऐलान हो गया है. खबरों के मुताबिक, इस साल केदारनाथ मंदिर के कपाट मेघ लग्न में खुलेंगे. मंदिर के कपाट 25 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर खुलने वाला है. बता दें कि शनिवार को महाशिवरात्रि पर उखीमठ में परंपरागत पूजा-अर्चना के बाद पंचांग की गणना के बाद केदारनाथ मंदिर के कपाट खोलने को लेकर मुहूर्त निश्चित किया गया. जानकारी के अनुसार केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल को मेघ लग्न में सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर खुलेंगे. केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही बाबा दरबार में श्रद्धालुओं की उपस्थिति शुरू हो जाएगी.

केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने से पहले निभाई जाने वाली परंपराएं, अनुष्ठान चार दिन पहले



यानी 21 अप्रैल से ही शुरू हो जाएंगे. बताया जाता है कि 21 अप्रैल को डोली शीतकालीन गद्दी स्थल ओमकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ से केदारनाथ के लिए रवाना होगी. बाबा केदार की पैदल डोली यात्रा 24 अप्रैल को केदारनाथ पहुंचेगी. पैदल डोली यात्रा के ओमकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ से केदारनाथ पहुंचने के बाद अगले दिन मंदिर के कपाट खोलने के लिए धार्मिक अनुष्ठान शुरू होगा.

## सोनिया-राहुल चाहें तो 100 सीटों पर सिमट जाएगी भाजपा : नीतीश

**पटना,18 फरवरी।** बिहार में भारतीय जनता पार्टी से गठबंधन तोड़ने के बाद नीतीश कुमार लागातार विपक्षी एकता की वकालत कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने दिल्ली में विपक्षी दलों के नेताओं के साथ कई बैठकें की और आगामी लोकसभा चुनाव में साथ लड़ने की उनसे अपील की थी। इस दौरान उन्होंने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साथ सोनिया गांधी से भी मुलाकात की थी।

इससे पहले वह राहुल गांधी से भी मिलने दिल्ली में उनके आवास पर मिलने पहुंचे थे। नीतीश कुमार ने फिर एकबार बीजेपी विरोधी गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अब गेंद कांग्रेस के पाले में डाल दी और सोनिया और राहुल गांधी से विपक्षी एकता की पहल करने के लिए कहा है। उन्होंने पटना में आयोजित सीपीआई-एमएल के राष्ट्रीय कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कहा, ÷मैंने दिल्ली जाकर सोनिया और राहुल गांधी से मुलाकात की थी। अब कांग्रेस को आगे पर फैसला लेना चाहिए। अगर हम सब मिल जाएं तो बीजेपी 100 से भी कम सीट जीत सकेगी। इसलिए कांग्रेस को विपक्षी एकजुटता में देरी नहीं करनी चाहिए।

# पत्नी की हत्या कर लगा ली फांसी

**बिलासपुर,18 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले में पति-पत्नी की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पहले पत्नी को मारा, फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला बेलगहना चौकी क्षेत्र की है। करवा गांव के बैगापारा निवासी रतनलाल बैगा (35) और उसकी पत्नी सुकवरिया बाई (31) की लाश शुक्रवार की शाम घर पर मिली। जिसे देखकर पड़ोसियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। खबर मिलते ही अरक हेमंत सिंह अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे, तब सुकवरिया बाई की लाश कमरे में पड़ी थी। वहीं बरामदे में उसके पति रतनलाल की लाश फंदे पर लटक रही थी। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि शुक्रवार दोपहर पड़ोसी तपेश्वर गोंड़ ने रामरतन को फांसी के फंदे पर लटकते देखा। उसने इस घटना की जानकारी रामरतन के बड़े भाई समूंद सिंह बैगा सहित अन्य लोगों को दी।

इसके बाद वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। और फिर पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई। अरक हेमंत सिंह ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि दोनों मृतक की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। शादी के बाद से उनका बच्चा नहीं हो रहा था, जिसके चलते दोनों आपस में झगड़ा कर मारपीट भी करते थे। दोनों पति-पत्नी शराब पीने के आदी भी थे।प्रारंभिक जांच में अरक हेमंत सिंह ने बताया कि शराब के नशे में पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ होगा। इस दौरान रतनलाल ने अपनी पत्नी सुकवरिया बाई का गमछा से गला घोंटकर हत्या कर दी। फिर बाद में उसने खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस इस घटना की अभी जांच कर रही है।

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

# बलौदाबाजार में 10 करोड़ पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक

**बलौदाबाजार,18 फरवरी।** जिले का नाम आज गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया. गोल्डन बुक कार्यालय नई दिल्ली से आई टीम ने बलौदाबाजार में महाशिवरात्रि पर आयोजित 10 करोड़ पार्थिव शिवलिंग रूद्राभिषेक स्थल का अवलोकन किया और सत्यता पाए जाने पर गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र दिया. बलौदाबाजार में विश्वकल्याण एवं आमजन मानस में इंसानियत की भावना जागृत करने को लेकर 10 करोड़ पार्थिव शिवलिंग का



रूद्राभिषेक किया जा रहा है. साथ ही 1100 ब्राह्मण विगत 9 फरवरी से लगातार 24 घंटे मंत्रोच्चारण कर रहे हैं, जिसके लिए आज गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में बलौदाबाजार का नाम दर्ज किया गया. गोल्डन बुक रिकॉर्ड आफिस नई दिल्ली से आए प्रमुख मनीष विश्नोई ने बताया कि बलौदाबाजार में आयोजित 10 करोड़ पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक एवं 1100 ब्राम्हणों द्वारा मंत्रोच्चारण आराधना पर दो गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जिले का नाम जुड़ गया है. घोर अघोर अवधुत भगवान के सानिध्य में यह अद्भुत आयोजन है और विश्व में पहली बार हो रहा है. इसके लिए इनका नाम जोड़ा गया है और प्रमाणपत्र दिया गया है.

हॉकी : 79 वीं राजा महंत सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय प्रतियोगिता, पेट्रोलियम स्पोर्ट्स बोर्ड विजेता

# गौरवपूर्ण आयोजन के लिए हर सहयोगी को बधाई

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

हाकी प्राचीन काल से खेला जा रहा है। इतिहास के पन्नों पर नजर डालने से स्पष्ट है कि करीब 4000 वर्ष पूर्व यह खेल (इजिप्त) मिस्र में खेला जाता था। आगे चलकर हाकी को नियमानुसार खेला जाने लगा। इसके पश्चात स्काटलैंड में 1527 में हाकी को फिर से प्रचलित पाया गया। इसमें एक गेंद को स्टिक से मारा जाता था। समय के बदलाव के साथ-साथ हाकी के खेल का मूल स्वरूप स्टिक और गेंद आज भी बना हुआ है। मुकाबले का नियम बदलता जा रहा है लेकिन हाकी निरंतर लोगों के दिलों में बसता जा रहा है। वैसे यह बात लगभग सभी शोधार्थी/इतिहासकार, खोजकर्ता इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि आधुनिक काल में हम जो हाकी का स्वरूप देख रहे हैं वह 18वीं सदी के पूर्वार्द्ध तथा 19वीं सदी के प्रारंभ में ब्रिटेन के लोगों द्वारा दिया गया माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि यह खेल ब्रिटिश सैनिकों द्वारा भारत में 1850 के आसपास लाया गया। भारत के पहले हाकी क्लब को कोलकाता में स्थापित किए जाने की पुष्टि होती है। भारत में इस खेल की लोकप्रियता की वजह से कोलकाता में बेटनकप 1885 जबकि आगा खान टूर्नामेंट 1958 मुम्बई में शुरु हुए। इधर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और राजनांदगांव में हाकी की लोकप्रियता समय के अनुरूप बढ़ने लगी। इसमें भारतीय रेलवे में काम करने वाले एंग्लो-इंडियन परिवार के सदस्य और हाकी में दिलचस्पी रखने वाले स्थानीय लोगों की प्रमुख भूमिका रही। बिलासपुर में भारतीय रेल में सेवा करने वाले एंग्लो इंडियन परिवार के सदस्य लेस्ली क्लाडियस भारत के महान हाकी खिलाड़ी बने। उधम सिंह के साथ वे सिर्फ दूसरे ऐसे हाकी खिलाड़ी हैं। जिन्होंने चार ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों 1948, 1952,



1956, 1960 में भाग लिया और तीन स्वर्ण, एक रजत पदक जीता जबकि उधम सिंह 1952, 1956, 1960, 1964 के ओलंपिक खेलों में भारतीय टीम के सदस्य रहे और तीन स्वर्ण, एक रजत पदक भारत को दिलाया। राजनांदगांव के इस अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम का स्व.लेस्ली क्लाडियस के नाम पर किया जा सकता है। राजनांदगांव में हाकी के प्रति स्थानीय निवासियों का उत्साह और राजघरानों के द्वारा इस खेल को प्रोत्साहित किए जाने का परिणाम यह है कि इस नगर को आज भी हाकी के नर्सरी के रूप में याद किया जाता है। सौभाग्य की बात है कि राजनांदगांव की महिला हाकी खिलाड़ी रेणुका यादव छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों (रियो द जेनेरिया-ब्राजील-2016) में भाग लेने वाली प्रथम व एकमात्र एथलीट हैं। राजनांदगांव के खेलप्रेमियों, खेल प्रशासकों, राजनीतिज्ञों, हाकी विशेषज्ञों और सहयोगियों की बदौलत राजा महंत सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 79 वर्षों से निरंतर जारी है। यह स्पर्धा आज भारत के सबसे पुरानी हाकी चैंपियनशिप के रूप में जानी जाता है। यह अत्यंत गर्व की बात है दो वर्ष व्यवधान के पश्चात 2023 में यह स्पर्धा बेहद यादगार ढंग से सम्पन्न हुई। इसमें देश के प्रतिष्ठित टीमों ने भाग लिया और फायनल मुकाबले में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स बोर्ड नई दिल्ली की टीम ने सेल अकादमी राउरकेला को 7-1 से पछाड़कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। छत्तीसगढ़ के पहले अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम में 10 से 15 हजार दर्शकों की उपस्थिति में यह संघर्ष हुआ। राजनांदगांव की जनता को इस सफल आयोजन के लिए बधाई। इस टूर्नामेंट की एक बड़ी उपलब्धि यह भी रही है कि अब तक के 79 आयोजन में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अन्याय, पक्षपात, विवाद भाग लेने वालों के साथ कभी नहीं हुआ। अतः यह नगरी अतिथियों के स्वागत, सम्मान का प्रतीक है।

## ज्वेलरी दुकान में लाखों की चोरी

**महासमुंद,18 फरवरी।** महासमुंद जिले के कोमाखान तहसील में चोरों ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया है बताया जा रहा है कि ज्वेलरी शॉप से लाखों की चोरी हुई है घटना की सूचना के बाद पुलिस डाग स्क्वायड विभाग कोमाखान स्थित युवराज ज्वेलरी में बीती रात लाखों की चोरी होना बताया जा रहे हैं बता दे कोमाखान स्थित छुरा रोड पर उक्त दुकान मौजूद है जहां सामने स्वेटर को उखाड़ कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है बताया जा रहे हैं करीब 10 से 15 लाख की सोने चांदी चोरों ने चुरा लिया। बता दे कोमाखान में सप्ताह भर में यह दूसरी घटना है पहली घटना में लुटेरों ने एक ज्वेलरी संचालक के आंख में मिर्ची पाउडर डालकर सोने चांदी के गहने लूट ले गए थे अब यह दूसरी घटना होने से पुलिस के गश्ती पर सवाल ग्रामीणों ने उठाया है जानकारी के मुताबिक ज्वेलरी शॉप के अलावा 2 स्वेटर को चोरों ने उखाड़ दिया है मौके पर पुलिस पहुंच चुकी है साथ ही डाग स्क्वायड की मदद ली जा रही है

## यात्री बस पलटी,4 की मौत, 35 यात्री घायल

**भोपाल,18 फरवरी।** इंदौर से छतरपुर जा रही गोल्डन ट्रैवल्स की बस क्रमांक एमपी 16 पी 1286 शनिवार सुबह निवार के घाट पर मुड़ते समय पलट गई। इस हादसे में 4 यात्रियों की मौत हो गई जबकि 35 यात्री घायल हुए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही शाहगढ़ और छानबीला की पुलिस मौके पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। घायलों को शाहगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से कुछ यात्रियों को गंभीर चोट आने पर उन्हें सागर रेफर कर दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसे के वक्त बस में सवार यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। बीच घाट पर बस पलटने से यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना के बाद सबसे पहले 108 एम्बुलेंस पहुंच गई। एम्बुलेंस स्टाफ द्वारा पुलिस के सहयोग से बस में फंसे घायल यात्रियों को निकालने का काम शुरू हुआ।

## एक नजर

### ट्रक से रॉ मटेरियल की चोरी

**भिलाई, 18 फरवरी।** भिलाई छावनी थाना अंतर्गत गत रात नेशनल हाइवे में खड़ी ट्रक से रॉ मटेरियल की चोरी हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है छावनी पुलिस ने बताया कि कैम्प-1 शास्त्री नगर निवासी कैलाश कुमार साव ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है 9 फरवरी को ट्रक ड्राइवर सुभाष को कुम्हारी अहिवारा से पुलमेन इंजीनियरिंग कंपनी से रॉ मटेरियल्स लाने भेजा था। ड्राइवर ने कंपनी से 30.680 टन ट्रक में लोड कराकर रात 9.30 बजे साक्षरता चौक नेशनल हाईवे रोड के पास खड़ी किया था। इसके बाद ड्राइवर सुभाष घर चला गया। अगले दिन सुबह ड्राइवर ट्रक के पास पहुंचा तो देखा पीछे का तिरपाल खुला हुआ था। ट्रक में रखे रॉ मटेरियल्स 22 क्विंटल 80 किलो कम था। अज्ञात चोर रां मटेरियल्स को चोरी कर ले गया।

### फरार कुकर्मी गिरफ्तार

**भिलाई, 18 फरवरी।** भिलाई नाबालिग के साथ अनाचार करने वाले फरार आरोपी को सुपेला पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व सुपेला क्षेत्र की पीड़िता को अज्ञात आरोपी द्वारा बहला फुसला कर भगा ले गया था रिपोर्ट के बाद नाबालिग पीडिता एवं अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबीर द्वारा जानकारी मिली कि अज्ञात आरोपी ने पीड़िता को उत्तर प्रदेश में कही रखा है पुलिस को इस बात की जानकारी होते ही सुपेला पुलिस ने टीम गठित कर तत्काल उत्तर प्रदेश टीम रवाना किया सुपेला पुलिस लगातार 18 घण्टे सफर कर पीड़िता को जिला बलरामपुर ( उत्तर प्रदेश ) से सकुशल बरामद करते हुए आरोपी को भी घेराबंदी कर पकड़ा गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी हाल निवास वार्ड 6 इंदिरा नगर सुपेला जाहिद अली ( 21वर्ष ) ने शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया है।



### तीन लुटेरे गिरफ्तार



**भिलाई, 18 फरवरी।** भिलाई-3 थाना अंतर्गत तड़के ड्यूटी पर जा रहे कंपनी के शिफ्ट इंचार्ज से मोटर साइकिल सवार तीन बदमाशों ने लूटपाट की इसके बाद प्रार्थी को धमकाकर उसके घर पहुंच गए। घर में प्रार्थी की पत्नी के साथ छेड़छाड़कर गहने उतरवा लिए प्रार्थी के बेटे ने समझदारी दिखाते हुए पड़ोसी के मोबाइल से फोन कर पुलिस को जानकारी दी। तीनों आरोपियों को भागने से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी चरोदा निवासी नरेश कुमार साहू( 47वर्ष) रायपुर के गोदावरी स्टील कंपनी में शिफ्ट इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि आज तड़के करीब 4.20 बजे वह घर से ड्यूटी सिलतरा जाने पैदल निकला था। चरोदा बाजार के सामने पहुंचा था कि 4.30 बजे दादर की ओर से अज्ञात तीन युवक एक मोटर साइकिल में आये और रोककर कहा कि हमारी गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है। पेट्रोल के लिए पैसा नहीं देने पर बदमाशों ने मारपीट कर मोबाइल व पर्स छीन लिए। प्रार्थी को बाइक में बिठाकर प्रार्थी के घर ले गए और प्रार्थी की पत्नी के साथ छेड़छाड कर एक सोने का मंगलसूत्र,नाक की फुल्ली उतरवा लिया। आरोपी एक -दूसरे का नाम ले रहे थे। प्रार्थी का बेटा आया तो उसके साथ भी गाली-गलौच की। प्रार्थी का बेटा किसी तरह से पीछे गेट से बाहर जाकर पड़ोसी के मोबाइल से पुलिस को फोन किया। पुलिस को आते देख आरोपी अजीत कुमार (20 वर्ष ) निवासी आदर्श नगर चरोदा,अभिषेक थापा ( 19 वर्ष ) व विकास कुमार राणा ( 19 वर्ष ) निवासी भिलाई-3 रेलवे कालोनी ने भागने का प्रयास किया,लेकिन पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 394,354(क), 509, 364( ए), 451, 327 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कल्याण कॉलेज में क्रिकेट टूर्नामेंट का टोप्पो ने किया शुभारंभ

**भिलाई।** कल्याण कॉलेज के ग्राउण्ड में तीन दिवसीय 17 से 19 फरवरी तक चलने वाले क्रिकेट टुर्नामेंट का उदघाटन आईएएस राजेश सुकुमार टोप्पों ने किया। उक्त टूर्नामेंट सीजन थ्री, इंटर चर्च क्रिकेट टुर्नामेंट के नाम से आयोजित है, इसमें 8 टीमे भाग ले रही है। प्रथम पुरस्कार 15 हजार एवं द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रूपये रखा गया है। इस अवसर पर अमित राव, एम जोनाथन, जॉन, विक्टर, विजय सोमू सहित बडी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### नक्सल हिंसा के नाम पर भाजपा कर रही है राजनीतिः कांग्रेस अध्यक्ष

**भिलाई।** नक्सलियों द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में भाजपाई राजनीति कर रहे है। उक्त बातें आज भिलाई कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कही। उन्होंने कहा कि नक्सली हिंसा के नाम पर भाजपा राजनीति कर रही है नक्सली हिंसा में मृत आदिवासी परिवारों के साथ कांग्रेस की पूरी सहानुभूति है। विधानसभा चुनाव सामने देख भाजपा इस मुद्दे की आड़ में राजनीति कर रही है। यदि वह नक्सली हिंसा की शिकार परिवारों को न्याय दिलाना चाहती है तो उन्हें झीरम कांड में एनआईए की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने की मांग करनी चाहिए।

शिव विवाह का वर्णन

# बटरेल में विष्णु अरोड़ा का शिव महापुराण कथा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 18 फरवरी।** पूर्व विधायक डा दयाराम साहू व पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमति रमशिला साहू द्वारा अपने गृह ग्राम बटरेल में विश्व प्रसिद्ध कथावाचक बाल योगी श्री विष्णु अरोड़ा जी का श्री शिव महापुराण कथा आयोजन किया जा रहा है जिसमे कथा वाचक बाल योगी विष्णु अरोड़ा जी ने कथा का प्रारंभ करते भगवान शंकर की महिमा बताया और बताया की भगवान शंकर विश्वास है तो दक्ष की कन्या पार्वती श्रद्धा है ।श्रद्धा विश्वास रुपाने ।श्राद्ध इतनी आसान नहीं , सोच विचार कर परीक्षा ले कर के करे ।

पार्वती मैना की पुत्री है और मैना कौन ,मैना जिसमे मै पन न हो ,जिसमे अहंकार ना हो ,।जिसमे ये नही वही है सच्चा भक्त । जैसे हनुमान जी सच्चे भक्त है ,उन्होंने अक्षय को मारा ,लंका को जलाया ,रावण के अभिमान को ध्वस्त किया ।निसाचारो का नाश किया पर हनुमान जी ने अपना मैं को प्रदर्शित नही किया शिव पार्वती विवाह कथा में बताया की पार्वती मैना की पुत्री है और मैना का विवाह हिमालयराज पर्वत से हुआ था । जिससे पार्वती का जन्म हुआ। पार्वती से पूर्व सौ पुत्र हुए अंत में पार्वती का जन्म हुआ । यम 5, नियम 5 , आसन 84 ,प्राणायाम 3, प्रत्याहार , धारणा,ध्यान इस प्रकार सौ पुत्र और एक पुत्री पार्वती ।पार्वती मतलब श्रद्धा ।श्रद्धा से ही ज्ञान ,ज्ञान से ही श्रद्धा को ग्रहण करना चाहिए ।



हिमालय राज अपनी पुत्री पार्वती को लेकर शंकर जी के पास लेकर गए और निवेदन किए की मेरी पुत्री पार्वती आपकी सेवा में प्रतिदिवस उपस्थित होगी ।साथ में मै भी आऊंगा । पार्वती के साथ जया और विजया और शंकर जी के साथ नंदी और भंगी भी साथ थे । पर विवाह से पहले शंकर जी ने पार्वती की परीक्षा लिया पहले ऋषि के द्वारा फिर स्वयं ब्राम्हण के वेश में । जिसमे दोनो में पास हो गई जिससे शंकर जी प्रगट होकर पार्वती का हाथ पकड़ विवाह का प्रस्ताव रखा पर पार्वती ने मना करते हुए कहा की मेरा हाथ मेरे पिता से मांगें और पूरे विधि विधान से होगी ।बेटी पार्वती की तपस्या पूरी होने पर हिमालयराज के परिवार बहुत प्रसन्न हुए अब शंकर जी के साथ पुत्री पार्वती के साथ विवाह होगी । उत्सव मनाए जिसमे शंकर जी भी नटराज के रूप में पहुंचे , नटराज के रूप में नृत्य किए , जिससे हिमालय राज उपहार देने कहा उसने पार्वती का हाथ मांग लिए जिससे नाराज हो मैना और हिमालय राज ने शंकर जी को धक्का मारकर भगा दिया ,फिर बाद मे विवाह तय होने पर कैलाश से बारात हिमालय जाने तैयार हुए अनेकों प्रकार के भिन्न भिन्न बाराती थे ।

**बारातियों के स्वागत में मंगलगीत, आरती सजाई**

शंकर जी गले में सर्प लपेटे भभुति के साथ पहुंचे ,।बाराती तो और अजीब बिना मुंह वाला ,उल्टे मुंह वाला ,अनेकों मुंह वाला बाराती ।पार्वती शंकर जिनके विवाह प्रारंभ हो रहा था और उसी समय ब्रम्हा जी ने पार्वती का नख दिख गए सुंदरता को देख वसीभूत हो गए । जिसे देख शंकर जी क्रोध हो गया ।

**ज्ञान में नहीं, साधना में होता है समर्पण**

शंकर पार्वती का विवाह हुआ श्रृष्टि की रचना को बनाए रखने शंकर पार्वती का विवाह जरूरी था । आज श्री शिव महापुराण कथा स्थल में कथा श्रवण करने प्रमुख रूप से प्रीतम साहू पूर्व विधायक , नंदलाल साहू, दिलीप साहू, निर्मल जैन सरपंच रानीतराई ,अशोक शर्मा पूर्व जनपद , हेमंत साहू ,जयप्रकाश चंद्राकर, भगवान सिंह चंद्राकर, श्यामसुंदर साहू ,श्रीमती रमा अनिल साहू पार्षद रिसाली , सुनील साहू पूर्व पार्षद रिसाली , जितेंद्र धुरंधर, बेनी राम सार्वा सहित अनेकों श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### सेक्टर नौ में आगजनी के प्रभावितों से मिले मुख्यमंत्री के ओएसडी

**भिलाई, 18 फरवरी।** हॉस्पिटल सेक्टर में जैसे ही आगजनी की घटना हुई इसकी सूचना मिलने पर विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल सक्रियता के साथ सुबह ही स्पॉट पर पहुंच गए थे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनका दुख जाना तथा हर संभव मदद करने आश्वस्त किया।विधायक एवं महापौर ने तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों को वहां से निर्देश देते हुए प्रभावितों को राहत देने के निर्देश दिए। निर्देश प्राप्त होते ही निगम का अमला प्रभावित परिवारों की मदद के लिए डटा रहा। प्रभावित परिवारों के लिए तत्कालिक रूप से व्यवस्था करते हुए नजदीकी स्थान पर उनके ठहरने की व्यवस्था की गई है। भोजन भी उपलब्ध कराया गया तथा मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं सुलभ शौचालय और पेयजल इत्यादि की व्यवस्था भी की गई। प्रभावितों ने बताया कि दैनिक जरूरत की चीजें आगजनी में नष्ट हो गई है।

# भाजपा नेताओं की हत्या के विरोध में चक्काजाम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 18 फरवरी।** प्रदेश भाजपा के आहवान पर प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ में 78 विधानसभा के प्रमुख स्थानों के नेशनल हाईवे सड़क पर चक्का जाम में भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं की विशाल आंदोलन व चक्का जाम किया, पिछले एक महीने में पूरे बस्तर क्षेत्र में भाजपा के 4 प्रमुख पदाधिकारियों की माओवादियों द्वारा जघन्य हत्या की गई है। ये सब सरकार के संरक्षण में हुआ है। इसके विरोध में भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में चक्काजाम आंदोलन रखा गया है। कांग्रेस सरकार की शह पर नक्सलियों द्वारा भाजपा पदाधिकारियों की लगातार निर्मम हत्या के विरोध में कवर्धा जिला के प्रमुख सड़क पर चक्का जाम दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक किया गया, कवर्धा शहर के बाईपास सड़क, बोड़ला मण्डल के पोंडी बाईपास मार्ग, पंडरिया मण्डल के कार्यकर्ता बिरकोना में चक्का जाम किया गया। चक्का जाम में मौजूद जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल ठाकुर, विजय शर्मा प्रदेश महामंत्री, अशोक साहू पूर्व विधायक, सिया राम साहू पूर्व विधायक, रामकुमार भट्ट पूर्व अध्यक्ष जिला भाजपा, वीरेंद्र साहू, नितेश अग्रवाल, संतोष पटेल, विदेश राम धुर्वे, सुरेश दुबे,भुनेश्वर चन्द्राकर, शिवनाथ वर्मा, पर्यटन वर्मा, गणेश तिवारी,सीता राम साहू,चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, बरसाती वर्मा मंडल अध्यक्ष, संतोष मिश्रा मंडल अध्यक्ष,पीयूष ठाकुर,नीतू शर्मा,रामकिंकर वर्मा, बलदाऊ चंद्रवंशी,राजेश साहू जय राम साहू, चंदन मानिकपुरी,नरेश चंद्रवंशी,पंच राम कोसले,काशी राम,संदीप गुप्ता, गोकुल चंद्रवंशी ,दिलीप वर्मा ,रामजी दास मानिकपुरी,लाला साहू, तुकेश चंद्रवंशी ,दिलीप श्रीवास्तव सीता राम,रवि वर्मा ,बजरहा पटेल,संत वर्मा , मुकेश वर्मा मनी साहू ,रूप सिंह,लव कुमार निर्मल्कर सोम नाथ , सनत साहू , राजू चंद्रवंशी चंद्रिका ,निर्मलक 'गोरे वर्मा प्रताप धुर्वे,नागेश्वर साहू ,शहस्देव साहू , नारद चंद्रवंशी,नंदराम उइके, भुवनेश्वर योगी ,दुर्योधन पाली , नवीद खान, पप्पू धना राम जांगड़े पांडातराई मंडल से रमेश केशरवानी , परमेश्वर चंद्रवंशी अमित चंद्रवंशी , भोरमदेव मंडल* से ,प्रहलाद पटेल महामंत्री ,भाजपा ,आदि बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### विधायक ममता ने भोरमदेव मंदिर में भोले बाबा की पूजा-अर्चना की

**कवर्धा, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** भोरमदेव मंदिर में सुबह सुबह पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर और उनके पति मनोज चंद्राकर , बिटिया महिमा चंद्राकर और दामाद संजय चंद्राकर ने भोले बाबा की पूजा की ओर भोले बाबा से कामना की सभी के जीवन में सुख ,समृद्धि आए ।



### श्रीउमापति पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता

**कवर्धा, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** श्री उमापति पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में हजारों श्रद्धालु भोले बाबा को गंगा जल , फूल , बेलपत्र , नारियल , मिठाई चढ़ाकर और अगरबत्ती , दिया जलाकर पूजा की । सुबह से ही नारियल , केला मिठाई खरीदते हुए लोग दिखे ।



### जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट ने महाशिवरात्रि पर्व पर की पूजा

**कवर्धा, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट और उनके पति जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट सहित पूरे परिवार ने अपने निवास पर गौरी शिव भगवान की पूजा की ओर भोले बाबा से कामना की सभी के जीवन में सुख , समृद्धि आए ।

# धनोरा में शिव जी की भव्य शोभा यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 18 फरवरी।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में महाशिवरात्रि पर्व के पावन पर्व पर शिव जी की भव्य शोभा यात्रा निकालने की तैयारी इस वर्ष महावीर उद्यान में विराजे भगवान भुतभावन भोलेनाथ जी का 20 फरवरी सोमवार को सुबह 10 बजे श्री लक्ष्मण बाबा जी एवं गिरीराज शर्मा जी के द्वारा पंचाक्षरी मंत्रों के साथ पुजा पाठ एवं अभिषेक किया जाएगा दोपहर 2 बजे से भंडारा प्रसाद वितरण शुरू शाम 4 बजे से श्री राधा रानी धुमाल गृप रायपुर द्वारा भगवान भोलेनाथ नंदी भुत प्रेत सेना झांकी के साथ महावीर उद्यान से प्रारंभ होगा जो कि गोल्डन चौक गौराचौक कर्मा चौक शितलापारा मेन गली मोहल्ले होते बाजार चौक बजरंग पारा बाबा दरबार से होते हुए वापिस महावीर उद्यान पहूचे गा जहा पर पहुचकर सभी भक्तों द्वारा भगवान भुतभावन भोलेनाथ हनुमान जी शनिदेव महाराज की पुजा पाठ करके शोभा यात्रा समाप्त किया जाएगा इस तैयारी में बड़े ही जोर शोर से जुटे हुए हैं दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी नंद पन्डा राजू यादव विनोद साहू मनोज पटेल बबलू साहू गज्जू रायपुरिया भोलू साहू चीन्टू साहू तबला वादक मारियल गुमान साहू टीकम हेमंत तेली सतीश साहू मुनना गंधर्व जीवराखन ठेकेदार बाबू लाल ओमकार साहू वासुदेव सपरे उपसरपंच दिनेश साहू हरिश रैकवार डॉ धनेशवर साहू सुनील कहार एम लाल देवांगन दिनेश कुंभकरण पटेल कल्याण देवांगन रुपलाल टेलस नंदू साहू आटो कुंजलाल साहू प्रमोद सेन भीषम साहू कुणाल साहू संदिप सेन चंद्र कांत देवांगन कल्याण देवांगन उमेश साहू चेतन साहू कुंभकरण पटेल तोमन गजपाल योगेश साहू सतीश साहू जी श्रीमती बबीता साहू सुनीता साहू देवकी साहू ललीता यादव लक्ष्मी साहू अंजू देवांगन देवश्री साहू संगीता सपरे टिकेशवरी सुलोचना ठाकूर कौशिलिया सेन हितेश पटेल दशरि बाई पटेल कु पुजा साहू कु विननी साहू कु डिम्पल कु वेदू कु नेहा कु सुरूची श्रीमती नीरा साहू कु मुकवु सपरे आदि भकतगण बड़ी संख्या में सफल बनाने में जुटे हुए हैं यह जानकारी चन्द्र कांत कोसरे एवं दाऊजी बेकरी वाले ने दी



### मोर मकान मोर आस के लिए मात्र 15 प्रतिशत राशि जमा करें

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी तथा मोर मकान मोर आस अंतर्गत आवास आवंटन हेतु आज शुक्रवार को आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली गई।बैठक में परियोजना स्थल परिवर्तन और अन्य प्राप्त 55 से अधिक आवेदनों पर निर्णय लिया गया। प्रथम किश्त की 30 प्रतिशत राशि को शिथिल करते हुए 15 प्रतिशत 15 प्रतिशत के 2 हिस्से में लिया जाएगा जिसे 1 माह के सीमा में जमा किया जाना है। प्रथम 15 प्रतिशत अर्थात लगभग 50000 रुपए जमा करते हुए लॉटरी के लिए नाम सुरक्षित कर सकते हैं। आयुक्त ने कहा कि किरायेदार योजना में आवेदनों पत्रों की मांग को देखते हुए अतिरिक्त 1000 नए आवेदन पत्र मुद्रित किए जायेंगे।

# क्या कांग्रेस कार्यकर्ता नक्सलियों के दोस्त हैं?: प्रेमप्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 फरवरी।** बस्तर जिले में चार भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या के विरोध में आज पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में नेशनल हाईवें पर खुर्सीपार तिराहे में प्रदेश की कांग्रेस के कार्यप्रणाली पर जमकर चक्काजाम किये। जिसके कारण दोनो ओर से आवाजाही पूरी तरह रूकी रही और ट्रकों सहित अन्य वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी। इस चक्काजाम के अवसर पर राज्य सरकार पर जमकर बरसते हुए कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार को घेरते हुए पूर्व विधानसभाध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने उपस्थित जनों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार सवा चार साल में जो जनता से वादे किए थे उस पर खरी नही उतरी है। आज समाज के हर वर्ग के आदिवासी समाज, युवा वर्ग, किसान अधिकारी कर्मचारी इस सरकार के कामों से नाखुश है। उनमें भारी जनआक्रोष है बस्तर में एक माह में बीजापुर, नारायणपुर, बाड़सुर व बस्तर के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या भूपेश सरकार के संरक्षण में तथाकथित नक्सलियों द्वारा की जा रही है जिसका हम पूरजोर विरोध करते है। भाजपा के कार्यकर्ता नक्सलियों का मुखबिर है तो कांग्रेस के कार्यकर्ता क्या नक्सलियों का दोस्त है क्या जिन्हें सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। ऐसा प्रतीत होता है कि नक्सलियों व सरकार में सीधे तौर पर सांठगांठ है। उन्होनें भूपेश सरकार को चेतावनी दी है कि भाजपा कार्यकर्ताओं को डराने धमकाने का काम न करे। लोकतंत्र में सबको अपनी बात कहने रखने व बोलने का अधिकार है। भाजपा कार्यकर्ताओं की मांगों को दबाने का प्रयास न किया जाये। किसानों की जमीन को राज्य सरकार बेंचकर दो नंबरी लोगों को खरीदवा रही है, चार गुना मुआवजा देने वाली कांग्रेस सरकार किसानों के साथ ही छल कर रही है।इस दौरान पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि खुर्सीपार में जितने भी विकास कार्य हुए वे भाजपा कार्यकाल में हुए है। उसके बाद एक भी काम आगे नही बढ़ा हमारे ही कार्यकाल के समय किए गए विकास कार्यो का नाम बदलकर फीता काट कर उसका श्रेय लेने का काम युवा विधायक कर रहे हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि युवा विधायक ने चुनाव के समय युवाओं को बीएसपी में नौकरी लगवाने की बात ही थी लेकिन आज तक किसी भी युवा को बीएसपी में नौकरी नही दिलवा पाये। वही सतनामी समाज के साथ भी कांग्रेस सरकार ने धोखा किया है। वहीं गुरूवार को कांग्रेस पार्षद द्वारा पार्षद पीयूष मिश्रा को सरकारी जमीन बेचने का आरोप लगाया है और पियूष को माफी मांगने की बात कही थी तो पियूष माफी किसी भी हालत में नही मागेंगे चाहे हमें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा क्यो न खटखटाना पड़े। पूरी भाजपा पार्टी पीयूष के साथ खड़ी है। युवा विधायक की स्पीड और काम दोनो धीमा है। उनकी स्पीड इतनी है मेरे कार्यकाल में हुडको में बनने वाले इन्डोर स्टेडियम को वें खुर्सीपार ले गए। जो आज सवा चार में भी अधूरा पड़ा हुआ है। कांग्रेस का कल्चर है कि सिर्फ और सिर्फ झूठ बोलना। आने वाले विस चुनाव में हम चेहरा भी बदलेंगे और इस युवा एमएलए से भिलाई को मुक्ति भी दिलायेंगे। उन्होंने दुर्ग के विधायकको भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि फ्लाईओव्हर पर भारत जोड़ो सेतु लिखकर उसे विधायक निधि से बताने वाले कांग्रेस नेता जनता से किस हद तक झूठ बोल रहे हैं, ये सब जनता जानती है। ये ओव्हरब्रिज किसके कार्यकाल में बना हुए है, दुर्ग विधायक सिर्र्फ झूठा श्रेय ले रहे है।




चक्काजाम में कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विष्णु पाठक, गुड्डु खान, पार्षद वीणा चंद्राकर, पार्षद दया सिंह, दिलीप, रेहान अहमद, रोहण सिंह, राहुल भोसले, उदय भास्कर, योगेन्द्र सिंह, जोगेन्दर शर्मा, अतुल पर्वत, मुन्ना पाण्डेय,कवरवाल सिंह, रमेश माने, रिंकू साहू, पियुष मिश्रा, जे श्रीनिवास राव, पूर्व निगम सभापति श्याम सुंदर राव, विनोद सिंह, हरि शंकर, पवन पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सुरक्षा माह समापन समारोह में स्कूली छात्र हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र, भिलाई में सुरक्षा माह समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त संयंत्र के कार्यपालक निदेषक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेषक कार्मिक एवं प्रषासन, एम एम गद्रे, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं, एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा, डॉ ए के पंडा, कार्यपालक निदेषक सामग्री प्रबंधन ए के चक्रवर्ती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एम एंड एचएस, डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेषक खदान एवं रावघाट समीर स्वरूप तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आयरन तापस दासगुप्ता एवं सीजीएम सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ जी पी सिंह उपस्थित थे।




बीएसपी द्वारा जनवरी-2023 को सुरक्षा माह के रूप में मनाया गया। इस माह में संयंत्र के नियमित कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों, स्कूली बच्चों और समाज में सुरक्षा जागरूकता लाने के लिए कई सुरक्षा गतिविधियों, प्रतियोगिता की योजना बनाई गई और सफलतापूर्वक क्रियान्वित की गई। इस सुरक्षा माह में सुनीति उद्यान, सेक्टर-8 में आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिताओं के शीर्ष 18 विजेताओं को समारोह में पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में 36 बीएसपी और गैर बीएसपी विद्यालयों के कुल 1224 स्कूली बच्चों ने छह श्रेणियों में भाग लिया।

एक नजर

## नंदेश्वर महादेव का जल अभिषेक कर स्थापना किया गया



नगरी/ बेलरगांव 18 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर राष्ट्रीय गौरव ग्राम बेलरगांव के आवासपारा में पंडित खोमन प्रसाद उपाध्याय के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक कर नंदेश्वर महादेव का स्थापना किया गया,इस कार्यक्रम में प्रकाश साहू, नारद साहू ,ऊकलेश साहू,भगवान साहू, चंद्रशेखर यादव, अशोक मरकाम मोहित निषाद, किशन निषाद,मानसिग साहू,हिराऊ राम साहू,जग्गू राम सोरी, लक्ष्मी नाथ जुरी,पिनेश्वर यादव, योगेश जुर्री, श्री राम निषाद, अमित गाईन, त्रिलोचन यादव, जयन्तु गाईन, एवं समस्त श्रद्धालु सहित मोहल्ला वासी उपस्थित थे।

## दो दिवसीय मड़ई मेला एवं महाशिवरात्रि महोत्सव

राजनांदगांव 18 फरवरी। समीपस्थल ग्राम मलपुरी बाई माता मंदिर एवं शिव मंदिर प्रांगण में 18फरवरी को 10बजे शोभा यात्रा 11बजे महा आरती एवं हवन 12 बजे महिला मानस गायन मंडली मुड़पार 2 बजे शुम्भ निशुम्भ वध जस झांकी सुरगी 3बजे मां की महिमा निर्मल जस झांकी जंगलेसर 4बजे स्थानीय कलाकारों द्वारा रिकार्डिंग डांस 19फरवरी को 10 बजे महा आरती 12 बजे स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन गीत 1बजे लोक लहर सांस्कृतिक संस्था मुनगाडीहि मोहला 4बजे मंडीई मेला के आयोजन किया जाएगा जिसमें क्षेत्र लोगों अपील कि मंडीई मेला महोत्सव कार्यक्रम उपस्थित हो तुप्त उठाये।



## परिचय सम्मेलन 5 मार्च को

रायपुर 18 फरवरी। ब्राइट फाऊंडेशन संस्था विधवा, तलाकशुदा, महिलाओं विधुर पुरुषों, आर्थिक रूप से कमजोर, दिव्यांग युवक/युवती, अविवाहित अधिक उम्रदराज महिलाओं/पुरूषों , निर्धन कन्याओं , के पुनर्विवाह / विवाह हेतु वर्ष भर पंजीयन करती है तथा वर - वधु रिश्ते जोड़ने में सहयोग करती है । वर्ष में एक बार परिचय सम्मेलन का आयोजन भी किया जाता है । अब तक 300 से अधिक लोगों का विवाह सम्पन्न हो चुके है इसके लिए संस्था को दो विश्व रिकार्ड सम्मान प्राप्त हुए हैं। इस वर्ष परिचय सम्मेलन दिनांक 5 मार्च 2023 को सत्संग भवन, महामाया मंदिर, पुरानी बस्ती रायपुर में आयोजित किया गया है । अविवाहित महिला / पुरुष भी इसमें शामिल होते हैं । संस्था का कार्यालय केवल हर शनिवार को दोपहर 12 से 5 बजे तक खुलता है । किंतु परिचय सम्मेलन को दृष्टिगत रखते हुए पंजीयन हेतु कार्यालय का समय 6 फरवरी 2023 से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा । आवश्यक दस्तावेज -- आधार कार्ड की फोटो कॉपी , चेहरे का पासपोर्ट साईज फोटो , सिर से पैर तक खड़ा पोस्ट कार्ड साईज फोटो , विधवा / विधुर होने पर पति / पत्नी का मृत्यु प्रमाण - पत्र , तलाकशुदा होने पर तलाक के सम्पूर्ण वैध दस्तावेजो की छायाप्रति , दिव्यांगता प्रमाणपत्र यदि दिव्यांग हो तो , आधार कार्ड , सभी दस्तावेज कि फोटोकॉपी । पंजीयन शुल्क ?500/- ( परिवर्तनशील ) वैद्यता आवेदन की तिथि से एक वर्ष तक ।

## तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 19 को

रायपुर 18 फरवरी। एक दिवसीय 23वी सीनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 19 फरवरी 2023 आउटडोर स्टेडियम बूढ़ा तालाब में प्रातः 10:00 प्रारंभ होने जा रही है मुरारका ने प्रेस से कहा की इस प्रतियोगिता में 17 जिलों से 110 तीरंदाज कोच मैनेजर उपस्थित रहेंगे उक्त प्रतियोगिता में विजय तीरंदाज सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता गुजरात में आयोजित होने जा रही है उस में भाग लेंगे इस प्रतियोगिता का समापन सायं 4:30 होगा जिसमें प्रफुल्ल ठाकुर जी आईपीएस अधिकारी और प्रणव सिंह जी एडिशनल डायरेक्टर खेल एवं युवा कल्याण के कर कमलों से पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा।

## महाशिवरात्रि पर्व पर महापौर ने राजधानीवासियों को दी शुभकामनाएं

रायपुर 18 फरवरी। नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर एवं सभापति श्री प्रमोद दुबे ने शास्त्रों में आदि काल से देवों के देव माने जाने वाले महादेव और आदिशक्ति की प्रतीक देवी मानी जाने वाली माता पार्वती के विशेष पूजन के प्रतीक महापर्व महा शिवरात्रि शनिवार दिनांक 18 फरवरी 2023 के पावन अवसर पर समस्त राजधानी वासियों को अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें दी हैं. महापौर श्री एजाज ढेबर एवं सभापति श्री प्रमोद दुबे ने गणतंत्र दिवस पर समस्त राजधानी वासियों से राजधानी शहर रायपुर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाकर राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में श्रेष्ठतम स्वच्छता रेंकिंग दिलवाने हेतु अपने घरों का सूखा एवं गीला कचरा प्रतिदिन पृथक करके निगम सफाई मित्र को सफाई वाहन में देने का संकल्प नगर हित में लेने का एक बार पुनः विनम्र आव्हान किया है. महाशिवरात्रि पर महापौर श्री एजाज ढेबर एवं प्रमोद दुबे ने समस्त राजधानीवासियों से समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से केन्द्र सरकार, छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मण्डल के दिशा - निर्देशों के अनुरूप सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का पालन दैनिक जीवन में करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का परित्याग करके उसके विकल्प के रूप में बर्तनों, कपड़े, जुट से बने थेलों का उपयोग करने का प्रण लेने का एक बार पुनः विनम्र आव्हान किया है।

# युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने चलाये जा रहे रोजगार मूलक कार्यक्रमः मुख्यमंत्री

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 18 फरवरी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज राजनांदगांव जिले के शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव और पदक वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छात्र जीवन में अनेक संभावनाओं का सृजन होता है। वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा साबित करने और आगे आने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा होता है। जिसके माध्यम से वे अपने कला और हुनर को साबित करते हुए आगे बढ़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनांदगांव जिला कला-साहित्य के क्षेत्र में पूरे राज्य में विख्यात है। उन्होंने कहा कि साहित्यकार गजानन माधव मुक्तिबोध, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र ने राजनांदगांव जिले का नाम रोशन किया है। राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से विकसित भू-खंड और अन्य अधोसंरचना उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तरह शहरी क्षेत्रों में भी रोजगार उपलब्ध कराने के लिए युवाओं के लिए अर्बन रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए निःशुल्क व्यवस्था की गई है। साथ ही स्कूली स्तर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की स्थापना की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय के सत्र 2022 के छात्र-छात्राओं को पदक वितरण करते हुए सम्मानित किया। महाविद्यालय की मांग पर मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय में अहाता निर्माण के लिए 50 लाख रूपए एवं खेल मैदान समतलीकरण के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की।

# परचून सामानों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि ने बिगाड़ा आमआदमी का बजट



रायपुर 18 फरवरी। गत एक वर्ष से कम समय में ही दैनिक उपयोग की वस्तुओं में बेतहाशा मूल्यवृद्धि ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है । आमदनी , नौकरी ज्यों की त्यों और केवल एक वर्ष में रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है ।

जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि महंगाई ने आमआदमी के जीवन स्तर को कमतर कर दिया है , ट्रस्ट ने बाज़ार का व नौकरीपेशा लोगों , मजदूरों , मध्यमवर्गीय परिवारों में सर्वे कर पाया कि जीवनयापन बहुत मुश्किल दौर से गुजर रहा है । कोचर व चोपड़ा ने बताया कि भारतीय रसोई की जान मसाले 20 प्रतिशत महंगे हुए है । शक्कर 20? से 22त्न , दालें 10? , विभिन्न अनाज में 16त्न , चॉवल में 25त्न , दूध में 10त्न , उड़द दाल में 20त्न , घी में 30त्न , खाद्य तेल 22त्न ,आटा 18त्न दामों की वृद्धि सामने आई है । आज छोटे से परिवार व कमजोर आमदनी के साथ बच्चों के लालन पालन में बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है , रोजमर्रा की सामग्री के साथ शिक्षा में उपयोगी स्टेशनरी के दामों में 25त्न की महंगाई आई है । कोचर व चोपड़ा ने कहा कि आमजनों के लिए दवाइयों के दामों का बोझ कमर तोड़ रहा है । वर्षभर में रोज लेने वाली दवाओं के मूल्यों में 25 से 50त्न तक की अनियंत्रित वृद्धि हुई है । जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है । जैन संवेदना ट्रस्ट ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि 23 - 24 के आम बजट में आमआदमी ने राहत की उम्मीद लगा रखी थी लेकिन जनता को निराशा ही हाथ लगी है । पेट्रोल , डीज़ल , गैस सिलिंडर , टोल प्लाजा के दामों में राहत की उम्मीद लगाई जनता स्वयं को ठगा महसूस कर रही है । महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने प्रधानमंत्री से संवेदनशील कदम उठाने की मांग रखी है ।

## स्थानीय परिस्थिति के आधार पर कौशल विकास करें : अरविन्द अग्रवाल

रायपुर,18 फरवरी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में संचालित कैरियर डेव्हलपमेंट सेन्टर द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना, भारतीय कृषि प्रबंधन अकादमी, के सहयोग से कृषि छात्रों के लिए ''कैरियर काउंसलिंग एवं व्यक्तित्व विकास पर परिसंवाद श्रृंखला'' का आयोजन किया जा रहा है। इस परिसंवाद श्रृंखला के तहत 16 से 23 फरवरी, 2023 तक विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। इस परिसंवाद श्रृंखला के द्वितीय दिवस वी.एन.आर. ग्रुप के संस्थापक सदस्य अरविन्द अग्रवाल ने ''रोजगार के भावी स्वरूप पर आधारित कौशल विकास विषय पर विशेष व्याखन देते हुए कहा कि स्थानीय परिस्थिति और संसाधनों को देखते हुए व्यक्तित्व विकास में आने वाले अवरोधों का हल निकालना चाहिए। उन्होंने व्यक्तित्व विकास में वित्त और विपणन में आपसी संबंध स्थापित करने पर जोर दिया और विद्यार्थियों को बताया कि अवस्था के अनुसार ही चहुमुखी विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वाट विश्लेषण की चर्चा करते हुए दृढ़ इच्छा शक्ति, कमजोरी, अवसर और चुनौती के अनुसार छात्र अपने-आप को पहचाने। उन्होंने कहा कि कृषि में व्यापक संभावनाएं हैं जिसमें बीज से लकर उत्पादन तक सभी पहलू महत्वपूर्ण है। मुख्या वक्ता अरविन्द अग्रवाल ने विद्यार्थियों द्वारा ज्वलंत विषयों पर पूछ गये प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा ने की। इस छह दिवसीय परिसंवाद श्रृंखला का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

# लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ भाजपाइयों ने किया चक्का जाम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




नगरी/मगरलोड 18 फरवरी। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर मगरलोड के मुख्य चौक में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बस्तर में हुए सागर साहू ,नीलकंठ कक्कम, बुध राम मरकाम, स्वर्गीय भीमा मंडावी भाजपा नेताओं की हत्या के खिलाफ एवं प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था के विरोध में मगरलोड के मुख्य चौक में आज चक्का जाम किया जिस पर प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि प्रदेश में कब तक हमारे भाजपा नेताओं की हत्या होता रहेगा लचर कानून व्यवस्था ने पूरे प्रदेश में आतंक मचा रखा है लगातार हत्या होने से कांग्रेश भाजपा के विपक्ष के नेताओं से डरा हुआ है जानबूझकर प्रदेश में हत्या का सिलसिला चल रहा है जिसके लिए हम कड़ी से कड़ी निंदा करते हैं एवं प्रदेश की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हमारे जाबांज भाजपा कार्यकर्ता लोग अब सड़क की लड़ाई लड़ रहे हैं प्रदेश में अराजकता का माहौल है और शराब जुआ सट्टा सहित खनिज माफिआओं का गढ़ बन चुका है इसके लिए हम आंदोलन करने कटिबद्ध है मंडल प्रभारी राजेन्द्र गोलछा ने अपने संबोधन में कहा प्रदेश में अराजकता का माहौल बन गया है कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है, प्रदेश की जनता अब कांग्रेश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए आगे आ रहे हैं। इस मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम मंडल प्रभारी राजेंद्र गोलछा भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यदु जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा सांसद प्रतिनिधि भवानी यादव पूर्व जनपद सदस्य हिरजय साहू मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष टीकम साहू मंडल महामंत्री मिलन नेताम एवन साहू भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बसंत साहू उपाध्यक्ष नेमु निषाद दिलीप सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि रोहित यादव कविता यादव नप पार्षद झमित सिन्हा नरेश अग्रवाल रामायण सिन्हा शांति देवांगन सरपंच भरदा गैंदाबाई साहू घनश्याम साहू नंदनी सिन्हा देवराज देवांगन सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और बस्तर में हुई हत्या एवं लचर कानून व्यवस्था का विरोध किया

## बुजुर्ग पेंशनरों को तूता नया रायपुर में प्रदर्शन की अनुमति देने से जिला प्रशासन का इंकार

रायपुर 18 फरवरी। छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के आव्हान पर आगामी 25 फरवरी कांग्रेस महा अधिवेशन में शामिल होने आ रहे राहुल गांधी एवं बड़े नेताओं का ध्यान आकृष्ट कर केन्द्र के समान 38त्न महंगाई राहत देने के प्रस्ताव पर सहमति देने और मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 को विलोपित करने की मांग को लेकर मुख्य सचिव को सूचना देकर इस हेतु प्रशासन से अनुमति मांगा है। इस पर जिला प्रशासन ने लिखित रूप नया रायपुर प्रदर्शन की अनुमति देने से इंकार कर दिया है। उक्त जानकारी जारी विज्ञप्ति में पेंशनर फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने बताया है कि बुजुर्ग पेंशनरों को प्रदर्शन की अनुमति देने से इंकार कर प्रशासन ने लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया है, अनुमति नहीं देने के बावजूद पेंशनर अपने प्रदर्शन के निर्णय पर अडिग है और प्रदर्शन कर गिरफ्तारी देने के लिए तैयार है।जारी विज्ञप्ति में पेंशनर फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव तथा फेडरेशन से जुड़े छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ डी पी मनहर, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष आर पी शर्मा, पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष जे पी मिश्रा तथा पेंशनर्स समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष ओ पी भट्ट ने प्रदेश पेंशनरों को 25 फरवरी को नया रायपुर में पहुँच कर प्रदर्शन में हिस्सा लेकर अपनी गिरफ्तारी के तैयार होकर आने का अपील किया है।

## कैट ने मंडाविया से ऑनलाइन फार्मेसी पर राजनाथ सिंह वाली जीओएम की सिफारिशों को लागू करने का आग्रह किया



रायपुर 18 फरवरी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया को आज भेजे गए पत्र में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने ऑनलाइन दवा बेचे जाने के मुद्दे पर केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गठित मंत्रियों के समूह की सिफारिशों को लागू करने का आग्रह किया है। यह सिफारिशें लगभग दो साल से अधिक समय पहले दी गई थी। कैट ने श्री मंडाविया से यह भी आग्रह किया है की इन सिफारिशों को सार्वजनिक भी किया जाए। कैट का मानना है कि जीओएम ने ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट ने श्री मंडाविया से इस मुद्दे का तत्काल संज्ञान लेकर देश भर के केमिस्ट व्यापारियों को इन ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियों के आतंक से बचाने की मांग की जो ड्रग एंड कॉस्मेटिक क़ानून के स्थायी प्रावधानों का घोर उल्लंघन करते हुए ऑनलाइन के जरिये दवा बेच रही हैं। दोनों व्यापारी नेताओं ने श्री मंडाविया का ध्यान दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के उल्लंघन पर ड्रग कंट्रोलर ऑफ़ इंडिया द्वारा 20 से अधिक कंपनियों को भेजे गए कारण बताओ नोटिस की ओर आकर्षित किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12.12.2018 को अपने एक आदेश के एक आदेश में कहा कि लाइसेंस के बिना दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर निषेधाज्ञा होगी, लेकिन उस आदेश की तारीख से लेकर पिछले वर्षों में ई-फार्मेसी कंपनियां आदेश की अवहेलना करते हुए दवाइया बेच रही हैं और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा में तुलसीपुर को पछाड़कर बसंतपुर बना विजेता

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 18 फरवरी। जांबाज क्रिकेट क्लब लखोली द्वारा रात्रिकालिन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में शहर के नामी क्रिकेट टीम शामिल होकर उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का समापन 16 फरवरी को किया गया। समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हुए।

आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेश रामटेके ने बताया कि जांबाज क्रिकेट क्लब लखोली द्वारा रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसका रंगारंग समापन गुरूवार रात्रि को हुआ। स्पर्धा के फाइनल मैच बसंतपुर वर्सस तुलसीपुर के मध्य खेला गया। जिसमें बसंतपुर की टीम 118 रन बनाकर आल आउट हो गए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी तुलसीपुर की टीम मात्र 98 रन में ही सिमट गई। इस तरह बसंतपुर की टीम विजेता घोषित हुए। मैच के मैन आर्फ द मैच व मैन आफ द सीरिज संतोष यादव को मिला। प्रतियोगिता के समापन में पहुंचे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने विजेता टीम को ट्राफी के साथ पुरस्कृत किया। इस दौरान श्री छाबड़ा ने उपस्थित टीमों व खेलप्रेमी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मैच में हार-जीत तो होती रहती है। खेल से ही प्रतिभा निखरती है और एक अच्छे खिलाड़ी उभरकर सामने आती है। खेल को हमेशा मैत्री भाव से खेलना चाहिए। खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता इसलिए जमकर खेलना चाहिए। इस दौरान आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी की मेहनत व अनुशासन से ऐसे आयोजन सफल होते है। इसके लिए आयोजन समिति को बधाई देता हूं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री हनी ग्रेवाल, वरिष्ठ कांग्रेस महेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सुनील श्रीवास्तव, पार्षद मनीष साहू, महेश साहू, मनीष अग्रवाल, आयोजन समिति के संरक्षक कौशल वर्मा, विनोद साहू, प्रकाश यादव, सतीश साहू, कादिर खान, उपाध्यक्ष सुनील साहू, सदस्य समीर, साबिर खान, पवन गुप्ता, सोनू साहू, लतीफ खान, सोनू मानकर, आशीष श्रीवास्तव, गोलू वासनिक, अंकुश साहू, राजू साहू, मोनू साहू, रिंकू, सज्जू खान, संतोष साहू, पिंटिया सोनी, मुकेश जंघेल, विकास सिन्हा, कीर्तन साहू, आयुश सोरी, सुनील सोनकर, भावेश राजपूत, पिन्टू खान, अयाज रिजवी, अज्जू खान, छोटू सोनकर, गोलू सिवारे, योगेश रजक, छगन साहू, हबीब सोलंकी, शाहनबाज खान, अंकित यादव, हरीश सोरी, यश सोनी, यस साहू, उमेश साहू, प्रिंस राजपूत, आशीष पांडे, धर्मेन्द्र साहू, बेरिंद्र सिन्हा, सदाब गोरी, शिवम यादव, राजेन्द्र साहू, नजीर खान, राजा सोनी सहित खेलप्रेमी जनता मौजूद थे।

## अखिल भारतीय अंतर साई बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

राजनांदगांव 18 फरवरी। भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा दिनांक 16 से 19 फरवरी 2023 तक आयोजित अखिल भारतीय अंतर साई बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ियों से सज्जीत टीम ए और बी टीम ने फायनल में प्रवेश किया। राजनांदगांव की ए टीम की और से रिया कुनधाडकर, डिम्पल धोबी, आंचल यादव, मोनी अडला, मोना गोस्वामी, सानिया प्रधान, अनन्या मंडल एवं मिनु सिंहा ने तथा साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की बी टीम की और से शांति खाखा, शबनम एक्का, प्रिया गोस्वामी, पूर्णिमा मंड़ावी, करिश्मा मीणा, रिबिका लाकरा, दिपशिखा एक्का एवं चंचल शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आज सायं बालिका वर्ग में खेले गये अंतिम लीग मैच में साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की बी टीम ने साई ट्रेनिंग सेंटर मयीलादुथुराई टीम को 49-16 अंको से परास्त किया। बालक वर्ग में साई ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर ए की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। साई ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर की टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में साई ट्रेनिंग सेंटर वाराणासी को 79-73 अंको से परास्त किया। बालक वर्ग के आज के अन्य मैच साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव बी टीम व साई ट्रेनिंग सेंटर सेलम ए टीम के मध्य खला गया जिसमें साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की टीम ने 50-24 अंको से विजेता होकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कल प्रातः काल बालक वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच खेले जाएंगे एवं सायंकाल सेमीफाइनल मैच होंगे।



## नक्सलियों को कांग्रेस का समर्थन, हो रही भाजपा नेताओं की हत्याः रमन सिंह

रायपुर 18 फरवरी। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में एक बड़ा आंदोलन तय किया गया था आज भाजपा ने दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक राजधानी के मुख्य चैराहो को अवरुद्ध कर चक्काजाम किया जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल के नेतृत्व में रायपुर शहर जिला के सभी 16 मंडलों के मुख्य मार्ग को अवरुद्ध किया गया हर प्रमुख चौराहे पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने मोर्चा संभाला भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव , पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह , पूर्व मंत्री राजेश मूणत सहित सभी वरिष्ठ नेताओ ने राजधानी के मुख्य मार्गों चौराहों पर चक्काजाम किया केवल आवश्यक आवागमन को ही जाने दिया गया जैसे एम्बुलेंस , स्वास्थ्य संबंधित , स्कूल बसें , रेल्वे स्टेशन और विमानतल जाने वाले लोगो के लिए अवरुद्ध रास्ते को खोला गया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम भी चक्काजाम में फसें परन्तु राजनीतिक रसूख दिखाते हुए उन्होंने दिवंगत नेताओ के लिए किए जा रहे चक्काजाम को खुलवाया जिस पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हल्की कहासुनी भी हुई वहाँ उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि काँग्रेस शुरू से राजनीतिक रसूख दिखाने में अग्रणी है कांग्रेस अध्यक्ष आदिवासी होते हुए भी दिवंगत आदिवासी नेताओ के प्रति तनिक भी खेद नही रखते यह दुःखद है ।उन्होंने कहा कि वनांचल क्षेत्र में पिछले 1 महीने में भारतीय जनता पार्टी के 4 नेताओं रामदार अलामी , निलकंठ काकेम , सागर साहू एवं बुधराम करताम की हत्या हुई है, भाजपा नेताओं को टारगेट करके उनकी हत्या की जा रही है , उन्होंने आगे कहा कि पूरे प्रदेश और बस्तर में भारतीय जनता पार्टी की गतिविधियां लगातार बढ़ी है और लगातार हो रहे आंदोलन से कांग्रेस में बौखलाहट है और यह एक तरह से षड्यंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है जिससे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के मन में भय उत्पन्न कर दिया जाए जिससे बस्तर जो सरकार निर्माण में अहम भूमिका में है वहाँ कांग्रेस की नाकामियों के खिलाफ कोई आवाज उठाने वाला ना हो और सड़क पर उतर कर कार्य न कर सके यह पूरा परिदृश्य चुनाव को प्रभावित करने के लिए साजिश का हिस्सा लग रहा है।

## कबड्डी प्रतियोगिता में बगदेही की कबड्डी दल ने मारी बाजी

अंवरी 18 फरवरी। यूथ ईगल क्लब एवं समस्त ग्रामवाशी जोरातराई द्वारा आयोजित एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ, जिसके मुख्यअतिथि तपन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरुद, अध्यक्षता भरत नाहर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी, विशिष्टअतिथि परमेश्वरी महेंद्र साहू सभापति जनपद पंचायत कुरुद, पूर्व सरपंच टेकराम साहू, उत्तम साहू पार्षद, राघवेंद्र सोनी पार्षद कुरुद, पप्पू राजपूत, खिलावन पाल सरपंच, विमल साहू उपसरपंच, घसिया राम, उत्तम, पीताम्बर, रविंद्र सेन, भानुप्रताप साहू एवं समस्त ग्रामवाशी उपस्थित रहे । जिसमे 16 कबड्डी दलों ने भाग लिया, जिसमें विजयी पहला स्थान बगदेही, दूसरा जोरातराई, तीसरा सेमरा और चौथा स्थान भेंडसर ने प्राप्त

## महाधिवेशन को लेकर दिए पदाधिकारियों को निर्देश

# युकां की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी हुए शामिल

रायपुर 18 फरवरी। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में आज मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी उपस्थित थे इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा द्वारा किया गया इस प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के होने वाले महा अधिवेशन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई आने वाले समय में फरवरी के 24, 25, 26 तारीख को कांग्रेस पार्टी का महा अधिवेशन होने वाला है इसको लेकर आज प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई थी इस बैठक में सभी प्रदेश जिला एवं विधानसभा के पदाधिकारी मौजूद थे और सभी को महाधिवेशन में वॉलिंटियर के रूप में काम करने के लिए निर्देश दिए गए साथी यूथ कांग्रेस के हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में लिए गए निर्णय ÷बूथ जोड़ों यूथ÷ जोड़ो को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने इस कार्यक्रम को अच्छे से करने के निर्देश दिए। युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी 1:30 बजे नियमित विमान से रायपुर विमानतल पहुंचे रायपुर विमानतल में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया एवं जगह जगह भी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया उसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष रायपुर स्थित राजीव भवन पहुंचकर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में भाग लिया।।राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा की इस माह के अंत में होने वाले कांग्रेस पार्टी के महाधिवेशन में युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता वालंटियर के रूप में जहां भी उनकी ड्यूटी लगाई जाएगी वहां पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य करेंगे ऐसी में उम्मीद करता हूं यह अधिवेशन काफी सालों बाद रायपुर में हो रहा होगा और आने वाले बहुत सालों तक यह अधिवेशन रायपुर में फिर नहीं होगा जितने भी पूरे देश से कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी आ रहे हैं उन सभी का यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा वॉलिंटियर कर उनकी मदद करनी होगी सभी कार्यकर्ताओं की अलग-अलग विभाग में ड्यूटी लगाई जाएगी आप सभी को जोश के साथ यह कार्य को करना है।।



साथी हिमाचल में हुए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में जो हमने बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरुआत की है उसको छत्तीसगढ़ के हर एक विधानसभा ब्लाक स्तर तक आप सभी कार्यकर्ताओं को पहुंचाना है।प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा आज हमारे बीच हमारे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित हुए हैं इसके लिए मैं उन का तहे दिल से धन्यवाद देता हूं और साथ ही होने वाले महा अधिवेशन को लेकर हमने अपनी जिम्मेदारी तय कर ली है और सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दे दी गई है वह जो भी कार्य यूथ कांग्रेस को सौंपेंगे हम विश्वास दिलाते हैं कि निष्पक्ष रूप से पूरी ईमानदारी से उस कार्य को करेंगे साथ ही हमने एआईसीसी से यूथ कांग्रेस का एग्जीबिशन की भी मांग की है यह एग्जीबिशन में भारत जोड़ो यात्रा के सभी चित्रों को दर्शाया जाएगा जिसमें यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की भागीदारी भारत जोड़ो यात्रा में रही है।।

इस बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी प्रदेश अध्यक्ष अकाश शर्मा भिलाई विधायक देवेंद्र यादव प्रभारी महासचिव डॉ पलक वर्मा सह प्रभारी इकबाल ग्रेवाल, प्रियंका सरासर पूर्व महासचिव दीपक मिश्रा राष्ट्रीय सचिव, लोकेश वशिष्ठ मिलिंद गौतम आदि मौजूद थे।

संपादकीय

# अब नया आरोप यह लगाया जा रहा

देश में अभी अडानी का मामला, बीबीसी पर छापा का मामला चर्चा में बना हुआ है। एक और मामला सामने आया है। यह मामला है दुनिया के 30 देशों के चुनाव को सोशल मीडिया के जरिए प्रभावित करने का । इन 33 देशों में एक देश भारत का नाम भी लिया जा रहा है। ब्रिटेन के अखबार द गार्डियन ने एक गुप्त मीडिया जांच का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह जानकीर दी है कि एक इजरायली फर्म टीम जार्ज पर हैकिंग,हेरफेर व गलत सूचना फैलाकर दुनिया के 30 से अधिक देशों में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगा है। दुनिया के 30 देशों में भारत का नाम भी है। यह रिपोर्ट छपते ही भारत के मोदी विरोधियों को आरोल लगोन का मौका मिल गया है कि उस इजरायली कंपनी ने भारत के चुनाव को भी प्रभावित किया है। यानी 2019 में पीएम मोदी व भाजपा ने जो ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी, उसके प्रति देश के लोगों में शक पैदा करना है। देश के राजनीतिक दलों के लिए तो यह मौका है मोदी सरकार के खिलाफ बोलने का । देश में मोदी सरकार के खिलाफ माहौल बनाने का। ऐसा हर चुनाव के पहले होता है। यहां के राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा को मोदी सरकार को हराना चाहते है, इसी तरह विदेशी संस्थाएं व संगठन भी है जो भारत में मोदी सरकार को हराना चाहती है । इसलिए वह समय समय पर ऐसी संदिग्ध रिपोर्ट प्रकाशित करती हैं जिसमें मोदी सरकार के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं होता है लेकिन उसके आधार पर देश में मोदी सरकार व भाजपा के खिलाफ कुछ दिनो तक बन जाता है कि सरकार ने जरूर कुछ गलत किया है। इससे पहले पेगासस मामले में एक विदेशी संगंठन ने रिपोर्ट प्रकाशित की थी कि विश्व के कई देशों में इजरायली जासूसी एप के जरिए सरकारे अपने यहां जासूसी करवा रही है। भारत में सरकार ने ऐसा ही किया है। इसे लेकर विपक्ष ने संसद नही चलने दी । मामला सुप्रीम कोर्ट में गया और वहां पेगासस से जासूसी वाली बात झूठ साबित हई थी। हाल में हिंडनबर्ग जैसी संदिगध कंपनी के नाम देश में राजनीतिक दलों का बवाल जारी है। राजनीतिक तौर पर मोदी सरकार के खिलाफ यहां के राजनीतिक दलो को कोई मुद्दा नहीं मिलता है तो विदेशी संगठनों की मंदद से मोदी सरकार को भ्रष्ट व गलत तरीके से चुनाव जीतने वाला बताने का प्रयास किया जा रहा है।देश में लोकसभा चुनाव 2019 में हुआ है और अब विदेशी मीडिया का रिपोर्ट पर आरोप लगाया जा रहा है कि मोदी सरकार ने इजरायली कंपनी की मदद स सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर चुनाव जीता है। आरोल लगाने वाले यह नहीं बता रहे है कि कंपनी ने ऐसा कैसे किया। भारत में ऐसा करने के लिए उसने क्या किया। यहां उसके लिए यह काम किसने किया। यहां कंपनी का सहयोग किसने किया। कितने लोगों की टीम ने इस काम को अंजाम दिया। कोई सबूत नहीं है किसी के पास कि 2019 के चुनाव को जीतने के लिए कोई गड़बड़ी की गई तो कैसे की गई। बस एक लाइन विदेशी मीडिया में छप गया कि इजरायली कंपनी 30 देशों में चुनाव को प्रभावित किया है , इसमें भारत का नाम भी है, इसलिए उनसे यहां के चुनाव को भी प्रभावित किया है। रिपोर्ट में यह नहीं कहा गया है कि इजरायली कंपनी ने भारत में हुए चुनाव के लिए मोदी सरकार को जिताने के लिए क्या किया। या इजरायली कंपनी ने मोदी सरकार को जिताने में कोई अहम भूमिका निभाई है। पेगासस में भी अपनी बात सही साबित करने के लिए इजरायली कंपनी का नाम लिया गया था, इस बार भी इजरायली कंपनी का नाम लिया गया। यह जानबूझकर किया जाता है क्योंकि इजरायल व भारत दोस्त हैं। वहां के पीएम नेतन्याहू पीएम मोदी के दोस्त हैं। इजरायील का नाम आतो है तो लोगों के बीच यह भ्रम फैलाने मं आसानी होगी कि मोदी ने चुनाव जीतने के लिए अपने दोस्त की मदद ली है। दोस्त ने एक इजरायली कंपनी को मदद करने को कह दिया। कंपनी मे चुनाव जीतने में मदद की है। कहने में यह सबकुछ आसान लगता है कि लेकिन इसे साबित नहीं किया जा सकता। चुनाव जीतने के लिए भाजपा व पीएम मोदी कितनी मेहनत करते हैं, यह सारा देश देखता है व जानता है। इसलिए इस बात पर कोई यकीन ही नही करेगी कि मोदी सरकार व भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए किसी इजरायल कंपनी का सहयोग लिया था।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दोपहर तक जिस भी कार्य को करेंगे उसमें असमंजस की स्थिति रहेगी। लेकिन दोपहर के बाद किसी अनुबंध के पूर्ण होने या अन्य किसी मार्ग से धन लाभ होने पर आर्थिक दृष्टिकोण से संतुष्टि रहेगी।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**-आज का दिन आंशिक शुभ फलदायक रहेगा। पुरानी गलतियों या किसी से किये गलत व्यवहार की के कारण आज मन में ग्लानि रहेगी। सेहत भी आज कुछ विपरीत रहने से मन की बहुप्रतीक्षित इच्छा अधूरी रह सकती है परन्तु आर्थिक दृष्टिकोण से दिन लाभदायक रहेगा।

**मिथुन: (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-रोजगार के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा लेकिन आज उधारी वाले व्यवहार पर नियन्त्रण रखने की भी आवश्यकता है अन्यथा धन लम्बे समय तक अटक सकता है उधारी चुकाने के लिये दिन उत्तम है।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज के दिन कार्य क्षेत्र पर व्यस्तता अधिक रहेगी फिर भी हाथ में लिए अनुबंध समय पर पूर्ण नहीं करने के कारण आलोचना हो सकती है आपका व्यवहार आज अटपटा सा रहेगा किसी को भी सीधा जबाव ना देकर उल्टी सीधी बाते करना स्वयं के लिये परेशानी खड़ी करेगा जिसके कारण कार्य क्षेत्र पर अधिकांश कार्य अपने ही बलबूते करना पड़ेगा। सहकारी कार्य लेट-लतीफी के कारण अधूरे रहेंगे।

**सिंह: (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज दिन के पूर्वार्ध में आपको परिश्रम के अनुसार फल ना मिलने से मानसिक पीड़ा हो सकती है। दिमाग में नए-नए विचार जरूर आएंगे लेकिन कुछ तो आर्थिक कमी और कुछ निर्णय लेने में चूक अवश्य होगी मार्गदर्शन की भी कमी रहेगी जिस वजह से किसी ठोस निर्णय लेने में परेशानी होगी। नई वस्तुओं की खरीददारी अथवा नये कार्य में निवेश आज ना करें। मध्याह्न के बाद स्थिति बेहतर होने लगेगी।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज के दिन ग्रह स्थिति में थोड़ा बदलाव आने से आपको घरेलू मामलो में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता रहेगी। रूठने-मनाने में दिन का कुछ भाग व्यर्थ हो सकता है। बुजुर्ग वर्ग भी आज आपकी विचारधारा के विपरीत सोच रखेंगे जिससे तालमेल बैठाने में मुश्किल होगी। कार्य क्षेत्र पर आज मन भटकने का अन्य व्यर्थ फायदा उठा सकते है। धन लाभ के लिये दोपहर तक इंतजार करना पड़ेगा।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज आप धन की भरमार का सामना करना पड़ेगा लेकिन निर्णय लेने की क्षमता में कमी रहने के कारण भ्रमित हो सकते है। आप मेहनत तो भरपूर करेंगे लेकिन आपका काम काज सामने वालों को मुश्किल से ही पसंद आएगा। परिश्रम का उचित फल नहीं मिलेगा दोपहर तक कार्यों में व्यवधान भी आने से निराश रहेंगे परन्तु संध्या के समय किसी परिचित के सहयोग से लाभ होने से खर्च निकल जाएंगे।

**वृश्चिक: (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे उसमे अपना पूर्ण अनुभव और निष्ठा लगाएंगे लेकिन भाग्य का साथ अन्य दिनों की अपेक्षा कम रहने के कारण दिन से उचित लाभ नहीं मिल पायेगा। आज किसी अनुबंध के आगे बढ़ने से धन लाभ की कामना अधूरी रह सकती है। व्यवसाय के ऊपर अधिक ध्यान देने के बाद भी कार्य विलम्ब से पूर्ण होंगे।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढ, भे)**-आज के दिन से आपको काफी आशाये रहेंगी लेकिन दिनचर्या आज प्रातः काल से ही बिगड़नी आरम्भ होगी और संध्या तक अस्तव्यस्त रहने से जरूरी कामना अधूरी रह सकती है। दिन में किसी न किसी से छोटी-मोटी झड़प होने की सम्भावना है पर आज कार्य क्षेत्र पर किसी से ना उलझे पद एवं प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रातः काल से ही मन में यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी इसके अंत समय पर टलने की भी संभावना है। आज एक समय मे दिमाग दो जगह भटकेगा कार्य क्षेत्र पर भी अधिक ध्यान ना देने के कारण अल्प लाभ से संतोष करना पड़ेगा। नौकरों के ऊपर ज्यादा विश्वास भी हानि का कारण बन सकता है। कार्य क्षेत्र पर चोरी जैसी गतिविधि अथवा आप पर आरोप लगाए जा सकते है सावधान रहे।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज दिन का पहला भाग आपकी आशाओं के विपरीत रहने वाला है। कार्य क्षेत्र पर भाग्य का साथ कम मिलेगा। आय की अपेक्षा खर्च अधिक रहने से धन की कमी अनुभव होगी महत्त्वपूर्ण कार्य को लेकर कीसी से कर्ज लेने की नौबत भी आ सकती है। किसी ना किसी कारण से आज मानसिक रूप से परेशान ही रहेंगे। आस-पड़ोसी एवं घर के छोटे सदस्यों की गलतियों को आज नजरअंदाज करें अन्यथा छोटी बात बड़ा विवाद खड़ा कर देंगी। परिजनों की सहानुभूति मानसिक कमजोरी दूर करेगी।

**मीन: (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज के दिन आपकी रुकी हुई कामना पूर्ति होने की संभावना है इसके लिये स्वाभाव में नम्रता रखनी भी जरूरी है। आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। कार्य क्षेत्र से अतिरिक्त आय होगी। उधारी वापस मिलने या कई दिनों से अटके हुए कार्य पूर्ण होने से भी धन के स्त्रोत बढ़ेंगे।

# श्रद्धा जैसे एक और कांड से रूह कांप गयी

**अपराध**

**ललित गर्ग**



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फिर एक और श्रद्धा हत्याकांड जैसा त्रासद, अमानवीय एवं खौफनाक मामला सामने आया है। दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में एक युवती निक्की यादव की उसी के प्रेमी साहिल गहलोत द्वारा हत्या कर उसका शव ढाबे के फ्रिज में छुपाने के मामले ने रोंगटे खड़े कर दिये, रूह को कंपा दिया। समाज में बढ़ती हिंसक वृत्ति, क्रूरता एवं संवेदनहीनता से केवल महिलाएं ही नहीं बल्कि हर इंसान खौफ में है। मानवीय संबंधों में जिस तरह से महिलाओं की निर्मम हत्याएं हो रही हैं उसे लेकर बहुत सारे सवाल उठ खड़े हुए हैं। विडंबना यह है कि समाज का दायरा जैसे-जैसे उदार एवं आधुनिक होता जा रहा है, जड़ताओं को तोड़ कर युवा वर्ग नई एवं स्वच्छन्द दुनिया में अलग-अलग तरीके से जी रहा है, संबंधों के नए आयाम खुल रहे हैं, उसी में कई बार कुछ युवक अपने लिए बेलगाम जीवन सुविधाओं को अपना हक समझ कर ऐसी हिंसक एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम दे रहे है। यद्यपि समाज लिव-इन रिलेशनशिप पर सवाल उठाता रहा है लेकिन जो कुछ समाज में हो रहा है वह पाश्विकता एवं दरिंदगी की हद है। वैवाहिक हो या लिव-इन रिलेशनशिप, हिंसात्मक व्यवहार और अंत को बीमार मानसिकता से नहीं समझा जा सकता। श्रद्धा हत्याकांड जैसे कई कांड?सामने आ चुके हैं। एक के बाद एक टुकड़ों-टुकड़ों में शव मिल रहे हैं। समाज बार-बार सिहर उठता है, घायल होता है। इस सिहरन को कुछ दिन ही बीते होते हैं कि नया निक्की हत्याकांड सामने आ जाता है। इन प्रदूषित एवं विकृत सामाजिक हवाओं को कैसे रोका जाए, यह सवाल सबके सामने हैं। समाज को उसकी संवेदनशीलता का अहसास कैसे कराया जाए। समाज में उच्च मूल्य कैसे स्थापित किए जाएं, यह चिंता का विषय है।

प्रेम-पर्व वेलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी की सुबह सूचना मिलती है कि राजधानी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके के मित्रांव गांव के बाहरी इलाके में एक ढाबे में एक युवती की हत्या कर शव छिपा दिया गया है, पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद करती है। घटना का कारण बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले ही आरोपित साहिल गहलोत की किसी और युवती से शादी तय हुई, जिसमें मृतका खलल डाल रही थी। जबकि लम्बे समय से मृतका निक्की यादव अपने ब्वायफ्रैंड के साथ लिव-इन रिलेशन में थी, लिव-इन रिलेशन के बढ़ते प्रचलन के यह समझना मुश्किल है कि भरोसे की बुनियाद पर खड़े संबंधों के बीच किसी व्यक्ति के भीतर इस स्तर की संवेदनहीनता कैसे उभर आती है कि वह अपनी प्रेमिका को मार डालता है। पहले तो दुनिया से छिपा कर कोई युवक किसी युवती के साथ प्रेम संबंध में या फिर सहजीवन में जाता है, फिर किसी जटिल स्थिति के पैदा होने पर उसका मानवीय हल निकालने के बजाय वह हत्या का रास्ता अख्तियार करता है। इस तरह की मानसिकता का पनपना नये निर्मित होते समाज पर एक बदनुमा दाग है एवं बड़ा प्रश्न भी है कि इस तरह के प्रेम संबंधों की ऐसी क्रूर एवं हिंसक निष्पत्ति क्यों होती है?





इस तरह के व्यवहार को कैसे सोच-समझ कर की गई किसी पेशवर अपराधी की हरकत नहीं कहा जाएगा? विडंबना यह है कि समाज का दायरा जैसे-जैसे उदार होता जा रहा है, जड़ताओं को तोड़ कर युवा वर्ग नई दुनिया में अलग-अलग तरीके से अपनी दखल दे रहा है, संबंधों के नए आयाम खुल रहे हैं, उसी में कई बार कुछ युवक अपने लिए बेलगाम जीवन सुविधाओं को अपना हक समझ लेते हैं। जबकि परिवार और समाज की कितनी बाधाओं को तोड़ कर किसी ने उस पर भरोसा किया होता है। निश्चित तौर पर ऐसी घटनाएं कानून की कसौटी पर आम आपराधिक वारदात ही हैं, लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि प्रेम संबंधों में भरोसा अब एक जोखिम भी होता जा रहा है! आखिर बेटियों एवं नारी के प्रति यह संवेदनहीनता कब तक चलती रहेगी? युवतियों को लेकर गलत धारणा है कि उन्हें प्रेम, भौतिकतावादी जीवन एवं सैक्स के ख्वाब दिखाओं एवं जहां कहीं कोई रूकावट आये, उसे मार दो। एक विकृत मानसिकता भी कायम है कि बेटियां भोग्य की वस्तु है? जैसे-जैसे देश आधुनिकता की तरफ बढ़ता जा रहा है, नया भारत-सशक्त भारत-शिक्षित भारत बनाने की कवायद हो रही है, जीवन जीने के तरीको में खुलापन आ रहा है, वैसे-वैसे महिलाओं पर हिंसा के नये-नये तरीके और आंकड़े भी बढ़ते जा रहे हैं। अवैध व्यापार, बदला लेने की नीयत से तेजाब डालने, साइबर अपराध, प्रेमी द्वारा प्रेमिका को क्रूर तरीके से मार देने और लिव इन रिलेशन के नाम पर यौन शोषण हिंसा के तरीके हैं। कौन मानेगा कि यह वही दिल्ली है, जो करीब दस साल पहले निर्भया के साथ हुई निर्ममता पर इस कदर आन्दोलित हो गई थी कि उसे इंसाफ दिलाने सड़कों पर निकल आई थी। अब ऐसा सन्नाटा क्यों? जाहिर है, समाज की विकृत सोच को बदलना ज्यादा जरूरी है। बालिकाओं के जीवन से खिलवाड़ करने, उन्हें बीमार मानसिकता के साथ लिव-इन रिलेशन में डालने, उनके साथ रेप जैसे अपराध करने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने और पुलिस व्यवस्था को और चाक-चौबंद करने की मांग के साथ समाज के मन-मिजाज को दुरुस्त करने का कठिन काम भी हाथ में लेना होगा। यह घटना शिक्षित समाज के लिए बदनुमा दाग है। अगर ऐसी घटनाएं होती रहीं तो फिर कानून का खौफ किसी को नहीं रहेगा और अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी। ऐसी हिंसा के खिलाफ महिलाओं को स्वयं आवाज बुलंद करनी चाहिए। कानून कितने भी क्यों न हों जब तक समाज स्वयं महिलाओं को सम्मान एवं सुरक्षा का आश्वासन नहीं देगा तब तक कुछ नहीं हो सकता। समाज तमाशबीन बना रहेगा तो फिर कौन रोकेगा हैवानियत, बलात्कार को, और प्रेम-प्यार के नाम पर ऐसी हिंसक दरिंदगी को।

निक्की यादव के बर्बर हत्या की घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि अपराध आखिर किन शक्लों में हमारे आसपास पल रहा है! यों इस वाकये को भी एक आपराधिक घटना के तौर पर ही दर्ज किया जाएगा, लेकिन इसमें प्रेम एवं संवेदना, भरोसे और संबंध का जो पहलू जुड़ा हुआ है, वह इसे सामान्य आपराधिक वारदात से अलग स्वरूप भी देता है।

प्रश्न है कि यह कैसे संभव हो पाता है कि कोई व्यक्ति अपने रुतबे और सुविधा को कायम रखने के लिए उसी महिला के खिलाफ इस हद तक बर्बर एवं क्रूर हो जाता है, जिसने शायद सब कुछ छोड़ कर उस पर भरोसा किया होता है! सवाल है कि इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वाले युवकों के भीतर अगर आपराधिक मानसिकता नहीं पल रही होती है तो वे संबंधों को लेकर स्पष्टता क्यों नहीं बरतते हैं और विवाद की स्थिति में हत्या तक करने में उन्हें कोई हिचक क्यों नहीं होती!

समाज में आए खुलेपन के चलते वर्जनाएं टूट रही हैं। युवक-युवतियों में खुलापन बढ़ रहा है। लिव-इन रिलेशनशिप को कानून भी न तो अपराध मानता है और न ही अनैतिक। आज के दौर में पारिवारिक मूल्य खत्म हो चुके हैं। भावनात्मक जुड़ाव कम है, केवल अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए भोगवादी मानसिकता है। कई लोग लिव-इन रिलेशन की संस्कृति को सामाजिक-आर्थिक बदलाव की एक बड़ी प्रक्रिया के अनिवार्य हिस्से के तौर पर भी देखते हैं, लेकिन स्थानीय मान्यताओं और संस्कृतियों की कई परतें हैं जिनसे समाज और परिवार के बुजुर्ग अब तक बाहर नहीं निकल सके हैं। ऐसे में लड़कियों को ये आजादी जोखिमों के साथ मिल रही है। श्रद्धा और उन जैसी लड़कियों को इसकी कीमत इसलिए भी चुकानी पड़ती है क्योंकि अपनी मर्जी से शादी का फैसला लेने के लिए उन्हें बहुत कुछ दांव पर लगाना पड़ता है, परिवार छोड़ना पड़ता है, सारे रिश्ते-नातों से दूरियां बनानी पड़ती है, सामाजिक बहिष्कार और अलगाव का दंश झेलना पड़ता है। लेकिन आधुनिक समाज में यह प्रचलन तो आम होता जा रहा है, तो क्या ऐसी हिंसक घटनाओं को भी आम होने दिया जायेगा?

# मनरेगा : हंगामा यूं ही नहीं

**मुद्दा**

**डॉ. सुरजीत सिंह गांधी**

मनरेगा यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की बकाया राशि का भुगतान अभी तक न किए जाने के लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच एक बार फिर से राजनीति गरमाने लगी है।

केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने राज्य सभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि मनरेगा के अंतर्गत 14 राज्यों के लिए 6,157 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना बाकी है। इनमें से 6 राज्य ऐसे हैं, जिनमें भाजपा की सरकार है। सर्वाधिक बकाया (2,700 करोड़ रुपये) पश्चिम बंगाल का है। आंध्र प्रदेश का 836 करोड़ रुपये, कर्नाटक का 638 करोड़, मध्य प्रदेश का 362 करोड़, महाराष्ट्र का 200 करोड़, ओडिशा का 187 करोड़, केरल का 137 करोड़, असम का 112 करोड़ और मेघालय का 102 करोड़ रुपये के बकाया सहित मनरेगा में प्रयुक्त निर्माण सामग्री घटकों की देनदारियों को भी जोड़ दिया जाए तो यह धनराशि 6175 करोड़ रुपये हो जाती है।

राज्य सरकारों का कहना है कि मनरेगा के अंतर्गत राशि न मिलने से ग्रामीणों के लिए आजीविका का प्रश्न बड़ी चुनौती बन गया है। नियमानुसार मजदूर को 15 दिन के भीतर भुगतान होना चाहिए जिसके बाद प्रत्येक दिन की देरी के लिए श्रमिक मुआवजे का हकदार हो जाता है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों के आपसी समंजस्य के अभाव के कारण यह कार्यक्रम आर्थिक से ज्यादा राजनीतिक महत्त्व का हो गया है। अपर्याप्त धन, अपर्याप्त वेतन और असामयिक भुगतान आदि को लेकर केंद्र और राज्यों के बीच होने राजीनीतक विवाद का खमियाजा ग्रामीण मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। मजदूरी भुगतान में देरी से श्रम अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जिसके चक्रीय दुष्प्रभाव अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगेंगे।

मजदूरी नहीं मिलने की स्थिति में खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने लगेगा तो ग्रामीण क्षेत्र में विशेष रूप से महिलाओं की बेरोजगारी भी बढ़ेगी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी, 2022 में ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 5.84 प्रतिशत थी। पीपुल्स रिसर्च ऑन इंडिया'ज कंज्यूमर इकोनमी के नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार गरीब और अमीर परिवारों के बीच आय में असमानता बढ़ रही है। सबसे गरीब 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी, जो 1995 में कुल घरेलू आय का 5.9 प्रतिशत थी, 2021 में कम होकर 3.3 प्रतिशत रह गई है। दूसरी ओर इसी अवधि में सबसे अमीर 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी 50.2 प्रतिशत से बढ़कर 56.3 प्रतिशत हो गई है। इस संदर्भ में उल्लेखित करना आवश्यक हैं कि मनरेगा कार्यक्रम भारत का ही नहीं, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा रोजगार गारंटी कार्यक्रम है। मांग आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवा कर ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता को सुधारना है। गरीबी उन्मूलन का पर्याय बन चुका यह कार्यक्रम वित्तीय रूप से कमजोर लोगों को सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान करता है।

इस कार्यक्रम से देश के लगभग 15.51 करोड़ लोग जुड़े हुए हैं। मनरेगा ग्रामीण श्रमिकों के लिए एकमात्र ऐसी जीवन रेखा है जो जरूरत और संकट के समय काम और नकदी प्रदान करता है। कोरोना काल जैसी आपातकालीन स्थिति में भी इस कार्यक्रम की उपादेयता साबित हो चुकी है। अनेक रिपोर्ट्स बताती हैं कि कोविड के समय शहरों से गांव की तरफ विपरीत पलायन के समय लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार दिया गया था। कोरोना से आय में नुकसान की भरपाई में इस कार्यक्रम ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्तमान में सामाजिक संगठनों की आलोचनाओं के कारण भी मनरेगा चर्चा में है। विरोध का प्रमुख कारण यह है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 के बजट में 21.66 प्रतिशत की कमी करते हुए मनरेगा के लिए 60,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। संशोधित अनुमान से तुलना करने पर यह बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाता है। पिछले वर्ष सरकार ने ग्रामीण भारत में काम की बढ़ती आवयश्कता को देखते हुए 25,000 करोड़ रुपये का पूरक बजट जोड़ा था, परंतु इस वर्ष के बजट में सरकार ने कम आवंटन का तर्क देते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में सुधार से मजबूत होती ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं कोरोना खत्म होने से शहरों की तरफ पुनः पलायन होने के कारण पिछले कुछ महीनों में मनरेगा की मांग में आई है। 2022-23 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 24 जनवरी, 2023 तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत काम मांगने वालों की संख्या 6.49 करोड़ थी, जिसमें से 6.48 करोड़ लोगों को काम का आफर दिया गया। इनमें से 5.7 करोड़ परिवारों ने काम किया।

इसके विपरीत पिछले तीन वर्षों के बजट का विश्लेषण किया जाए तो मनरेगा के बजट में लगातार कमी दिखाई देती है। मनरेगा में वित्त की कमी का प्रभाव श्रम दिवस रोजगार में भी कमी के रूप में देखाई देता है। 100 दिन की गारंटी देने वाले रोजगार की तुलना में 2020-21 में मात्र 52 दिन, 2021-22 में 42 दिन और 2022-23 में 42 दिन का रोजगार ही मिल सका है। श्रम संगठनों का मानना है कि जब देश में बेरोजगारी बढ़ रही है तो मनरेगा में 150 दिन श्रम दिवस रोजगार करने की बजाय सरकार इसे लगातार कम करती जा रही है। देश हित में मनरेगा से संबंधित विवाद के पहलुओं पर केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर कार्य करना चाहिए। इसके कार्यान्वयन की प्रशासनिक और निष्पादन संबंधी तकनीकी गड़बड़ियों पर कार्य करना चाहिए जिससे न सिर्फ भ्रष्टाचार कम होगा, बल्कि कार्यक्रम में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

मनरेगा से भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए सभी राज्यों में स्वतंत्र एवं मजबूत सोशल ऑडिट को नियमित किया जाए। अनियमितता के खिलाफ समय पर सख्त कार्रवाई की जाए। विश्व में आने वाली मंदी का भारत की अर्थव्यवस्था पर अधिक फर्क न पड़े, इसके लिए भी मनरेगा में कार्य कर रहे श्रमिकों की रुकी हुई मजदूरी अविलंब मिलनी चाहिए ताकि मांग कम न होने पाए। ग्रामीण मांग को बढ़ाने के लिए मनरेगा में दी जाने वाली मजदूरी में वृद्धि पर भी विचार किया जाना चाहिए। ग्रामीण नागरिकों को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए मनरेगा के साथ न्याय करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम की कमियां दूर की जाने पर ही यह कार्यक्रम देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा।

**सेहत**

## जेट लैग क्यों होता है और इससे बचने के क्या तरीके हैं?

सभी देशों का टाइम जोन अलग-अलग होता है, यानी जब भारत में सुबह होती है तो कहीं पर रात का वक्त होता है। ऐसे में हवाई यात्रा करके जब हम एक टाइम जोन के देश से दूसरे टाइम जोन वाले देश जाते हैं तो जेट लैग हो जाता है। इसकी वजह से बॉयोलॉजिकल बॉडी क्लॉक बिगड़ जाती है और नींद और थकान जैसी समस्याओं से गुजरना पड़ता है। आइए आज जेट लैग से राहत पाने के पांच टिप्स जानते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, यात्रियों को अपनी यात्रा से कुछ दिन पहले अपनी नींद की आदत को भी बदलना चाहिए। इसका मतलब है कि पश्चिमी देशों की यात्रा करने से पहले सामान्य से कुछ घंटे बाद सोना चाहिए और अगर पूर्वी देशों की ओर जाना है तो जल्दी सो जाना चाहिए।

इसके अलावा यात्रा के दौरान आपके नए गंतव्य पर रात भी हो सकती है, इसलिए आपका उसी समय सो जाना ठीक होगा। जेट लैग आपको नींद से भरा और थका हुआ बना सकता है, जिससे आपकी ऊर्जा का स्तर गिर सकता है। हालांकि, जैसे-जैसे आप सूरज के संपर्क में ज्यादा आने लगते हैं, वैसे-वैसे आपके शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ जाता है और मेलाटोनिन नामक हार्मोन, जो नींद का कारण बनता है, उसका स्राव कम होने लगता है। यदि आपको अपने नए टाइम जोन में देर तक जागना है तो आप सूरज की रोशनी में देर तक जरूर रहें। जेट लैग समय पर सोने और उठने की प्राकृतिक क्षमता जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। इस वजह से इन समस्याओं को कम करने के लिए किसी दूसरे गंतव्य पर पहुंचने पर शराब या कैफीन युक्त पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें। ये स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हैं, इसलिए इनसे दूरी बनाना उचित है। ये दोनों नींद चक्र को बाधित कर सकते हैं, जिससे आपके लिए नए टाइम जोन के साथ तालमेल बैठाना मुश्किल हो जाता है।

# जूती खात कपाल

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

सिर और चप्पल दोनों शरीर के दो ध्रुव हैं। एक ऊपर तो एक नीचे रहता है। वैसे वास्तविक ध्रुव कभी एक-दूसरे से नहीं मिलते। लेकिन यह शिकायत सिर और चप्पल के मामले में नहीं है। यकीन न हो तो किसी को गरिया कर देखिए, कसम मेरे खुद के तजुर्बे की, कि चप्पल का सिर के साथ मिलाप न हुआ तो मैं अपना नाम बदल लूँगा। चूँकि अनुभव की पाठशाला में रट्टाचंद अक्सर फेल हो जाते हैं। इसलिए मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मुझे नाम बदलने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आज सुबह-सुबह मेरा सिर फिर गया। फिराने वाला कोई और नहीं चप्पल था। ऐन मौके पर किस्मत और चप्पल हाथ देने के लिए जाने जाते हैं। अब क्या बताऊँ मेरी चप्पल क्या टूटी दूर से देखने वालों के लिए लंगड़ा घोड़ा बनाकर रख दिया। चाहे तो मैं लंगड़ा घोड़ा बनने से बच सकता था, लेकिन चप्पल को हाथ में पकड़ना अपनी शान के खिलाफ समझता था।



मैं नौकरी न दे सकने वाले रद्दी सर्टिफिकेट तो पकड़ सकता हूँ, लेकिन चलने, घूमने-फिरने में काम आने वाली टूटी चप्पल नहीं पकड़ सकता। कितना भी हो मैं भी तो अपने सपनों का राजा हूँ। अब भला राजा चप्पल ढोएगा तो अच्छा लगेगा? नहीं न? इसीलिए अपनी फूटी किस्मत को गरियाते और टूटी चप्पल को घसियाते पहुँच पड़े मोची की दुकान पर। मैं था बड़ी जल्दी में, सो मैंने चप्पल मोची को थमाते हुए इतना भर कहा - जरा भगवान के लिए जल्दी से सी दो। मुझे क्या पता वह नास्तिक था। उसने मेरी क्लास लगाई और कहा - मैं किसी के लिए भी चप्पल सी सकता हूँ लेकिन भगवान के लिए हरगिज नहीं। न दिखता है, न सहायता करता है। झूठ-मूठ हमारी सेवाएँ लेकर हमें गुलाम बनाता है। वह राइटी-लेफ्टी किस्म का बंदा था। उसे सेंटर में लाने के उद्देश्य से कहा - कण-कण में है भगवान...। मेरा कथन पूरा हुआ था कि नहीं, वह बोल उठा- कण-कण छोड़ो, दम है तो मुझ में दिखाओ भगवान? मुझे वह सनकी लगा। अब नंगे से तो भगवान भी डरे। फिर हम किस खेत की मूली हैं। सो मैंने हाथ जोड़ लिये। कहा - महाप्रभु मुझसे गल्ती हुई जो तुम्हारे सामने भगवान का नाम ले बैठा। मेरी दयनीय हालत देखकर तो कम से कम चप्पल सी दो। इस तरह आधे घंटे की जिरह के बाद मैं अपनी चप्पन सिलवाकर वहाँ से चलते बना। तभी मुझे रास्ते में एक भिखारी दिखायी दिया। वह कड़ाके की धूप में नंगे पैर पागलों की तरह इधर-उधर भटकते हुए भीख माँग रहा था। यह दृश्य देख मैं तुरंत मोची के पास वापिस गया और कहा - इस दुनिया में चप्पल की दुकान नहीं है। मैं तो कहता हूँ मोची नाम का कोई जीव होता ही नहीं। यह सुन मोची ऐसे तिलमिला उठा जैसे उसकी गठबंधन सरकार के चार विधायक छीन लिये हों। वह बोला - आप आदमी हैं कि पैजामा। अभी-अभी तो चप्पल सिलवाकर गए थे, इतने में भूल गए। यह चप्पल की दुकान और में मोची नहीं दिखायी देते। तब मैंने कहा - अगर तुम और तुम्हारी चप्पल की दुकान है तो वह भिखारी नंगे पैर क्यों भटक रहा है? इस पर मोची ने झट से कहा - इसमें क्या है मैं अभी उसे उसके लायक कोई चप्पल दे देता हूँ, यह कहते हुए भिखारी को चप्पल देने लगा। भिखारी चप्पल देख हाथ जोड़ लिये और कहा - मेरी ऐसी दयनीय हालत देख ही लोगों को दया आती है। भीख दे जाते हैं। तब मैंने मोची से कहा - इसी तरह भगवान हर जगह है। कोई उसे मानता है, कोई उसे नहीं मानता। इसी मानने और न मानने के बीच आस्तिकों और नास्तिकों के कई धंधे फल फूल रहे हैं। यह दुनिया भगवान के वजूद से धंधा कर सकती है, लेकिन भगवान किसी के साथ धंधा नहीं करता, क्योंकि वह स्वार्थी नहीं है। उसने दुनिया बनायी, और बदले में दुनिया उसे बनाने की कोशिश कर रही है। यही दुनिया का राजकाज है। इतना सुनना था कि मोची की आँखें खुल गयी।

## एक नजर

### चोरी के मोबाइल के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**बीजापुर 18 फरवरी।** 17 फरवरी को प्राथी महेश रायपुर पिता दुर्गया रायपुर उम्र 42 वर्ष निवासी रामपुरम तिमेड थाना भोपालटनम् द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 16-2-2023 को अपने बिमार साला को देखने जिला अस्पताल गया था जहा रात खाना खाने के बाद मेडिसीन वार्ड के कमरे के अंदर बेड पर सो गया था । सुबह उठने पर प्रार्थी के मोबाईल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है । रिपोर्ट पर थाना बीजापुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया , मुखबीर से सूचना के आधार पर पुराना बस स्टेण्ड से पुराना मोबाईल बेचने के लिये ग्राहक तलाश करते अमरजीत सिन्हा पिता अमरेश सिन्हा उम्र 22 वर्ष निवासी राउतपारा बीजापुर को पकड़ा गया । जिसके कब्जे से चोरी के 02 नग मोबाईल बरामद किया गया । आरोपी द्वारा चोरी करना कबुल किया गया । थाना बीजापुर द्वारा वैधानिक कार्यवाही करते हुये दिनांक 17-02-2023 को माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

### केन्द्रीय विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिक उत्सव




**जगदलपुर, 18 फरवरी।** केन्द्रीय विद्यालय जगदलपुर में शुक्रवार 17 फरवरी को विद्यालय का वार्षिक उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के व्याख्याता एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य डा. आनंद मूर्ति मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण एवं माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष कुमार पॉल द्वारा द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथि महोदय को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया एवं विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सदनवार समूह नृत्य, एकल नृत्य, नाटक के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त भारत का सन्देश दिया गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक अनुभाग के अंतर्गत विद्यालय स्तर, क्षेत्रीय स्तर, संकुल स्तर पर आयोजित होने वाली समस्त पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप, परीक्षा पे चर्चा, युवा संसद, हिंदी पखवाड़ा, रूट्स टू रूट्स के अंतर्गत अंतरसदनीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। विद्यालय द्वारा आयोजित अंतरसदनीय समस्त प्रतियोगिताओं के परिणामस्वरूप क्रमशः प्रथम स्थान रमण सदन, द्वितीय स्थान शिवाजी सदन को प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए उपरोक्त वार्षिक उत्सव की समाप्ति कि घोषणा की गयी। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री कमल नारायण सोनी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सेना अग्निवीर भर्ती रैली हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 मार्च तक

**जगदलपुर, 18 फरवरी।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के अनुसार अग्निवीरों की भर्ती के लिए आवेदन 15 मार्च तक आमंत्रित किए गए हैं। भारतीय थल सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल तकनीकी क्लर्क ट्रेडमेन दसवी पास और ट्रेडमैन आठवीं पास के पदों के लिए जारी की गई है। सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 16 फरवरी 2023 से 15 मार्च 2023 तक खुली रहेगी। भारतीय थल सेना की वेबसाईट पर आवेदन करने के साथ ही अग्निवीर ऑनलाईन परीक्षा (सीसीई) के लिए आवेदकों को स्टेट बैंक ऑफइंडिया के माध्यम से राशि 02 सौ पचास रुपये की शुल्क भी जमा करना पड़ेगा। ऑनलाईन परीक्षा के लिए सेना ने एजुकेशन कंसलटेंट इंडिया लिमिटेड (ईडीसीआईएल) से अनुबंध किया है।

### कैरियर गाइडेंस एवं काउंसिलिंग उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन

**दंतेवाड़ा, 18 फरवरी।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में 16 फरवरी को कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला रोजगार कार्यालय दंतेवाड़ा एवं मातृभूमि फाउंडेशन रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में प्रशिक्षणरत छात्रों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर एवं चुनौतियों के विषय पर जानकारी दी गई। जिसमें छात्रों को छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में ट्रेडवार रोजगार के अवसर उपलब्ध एवं स्वरोजगार की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में जिला रोजगार अधिकारी श्री अमित वर्मा, प्राचार्य लाइवलीहुड कॉलेज श्री कृतेश हिरवान, स्लहस्न श्री आशुतोष ठाकुर, मातृभूमि फाउडेशन श्री आदित्य सिंह, श्री अनिल सिंह प्रशिक्षक एवं अभ्यर्थी उपस्थित रहे।



जगदलपुर 18 फरवरी। महाशिवरात्रि पर शहर के शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही।

# मनरेगा की मजदूरी भुगतान में बीसी सखी निभाएंगी महत्तवपूर्ण भूमिका

■ बैंकिंग सुविधा पंचायत स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रियंका हुई सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर18 फरवरी।** मिनिस्ट्री आफरूरल डेवलपमेंट, भारत सरकार ने 1 फरवरी से महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत श्रमिकों के मजदूरी भुगतान आधार इनबिल्ड पेमेंट सिस्टम के आधार पर करने निर्देश दिए है। यह सिस्टम आधार कार्ड से बैंक के खाते के लिंक के आधार पर कार्य करता है। जाबकार्डधारी श्रमिकों को जिस बैंक खाते में मनरेगा मजदूरी की राशि का भुगतान चाहिए होगी, उस बैंक शाखा में जाकर अपने आधार नंबर को लिंक कराना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन की दूरदृष्टि एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा की पहल बीसी सखी के माध्यम से बैंकिंग सुविधा ग्रामीणों तक पहुंचाने की सोच इस कार्य में सहायक होंगी। जिले में वर्तमान में 59 ग्राम पंचायतों में एयरटेल पेमेंट बैंक और बीसी सखी के माध्यम से बैंकिग सेवा पहुंचाया जा रहा है, इसके माध्यम से ग्रामीणों को गांव व घर पहुंच नकद भुगतान की सुविधा प्राप्त हो रही है।



जिले में ऐसे भी बहुत से ग्राम पंचायतें हैं जहां बीसी सखियों द्वारा बैकिंग सुविधा पहुंचाने में महत्तवपूर्ण भागीदारी निभा रही हैं। ऐसे ही एक बीसी सखी श्रीमती प्रियंका पांडे की कहानी है जिन्हें ग्राम पंचायत में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को ग्राम स्तर तक बैंकिंग सेवा पहुंचाने में उत्कृष्ट कार्य करने के कारण जिला प्रषासन द्वारा 26 जनवरी को विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी के हाथों सम्मानित किया गया। वर्तमान आंकड़ो को गौर करें तो प्रियंका ने वित्तीय वर्ष 2022 -23 में कुल 38 लाख रूपये का भुगतान किया है।

ग्राम पंचायत कोडोली की बीसी सखी श्रीमति प्रियंका पांडे बताती हैं कि उन्होने जरूरतमंद ग्रामीण व मजदूर गांव में ही नकद राषि प्राप्त कर बहुत खुष हैं। पहले इन्हें राषि निकालने 13 कि.मी भैरमगढ़ जाना पड़ता था। जरूरतमंदों के चेहरे में खुशी देखकर मुझे भी यह कार्य करने में बहुत संतुष्टि मिलती है।

### महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया संभागीय कार्यालय का उद्घाटन



**जगदलपुर, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ श्रीमती किरणमयी नायक ने शुक्रवार को जगदलपुर में आयोग के संभागीय कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। संभागीय कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में संचालित होगी। आयोग की सदस्य श्रीमती बालो बघेल ने संभागीय कार्यालय प्रमुख का दायित्व संभाला। इस अवसर पर आयोग के सचिव आनन्द प्रकाश किस्पोट्टा एवं सहायक संचालक श्रीमती पुष्पा किरण कुजूर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज सिन्हा, जिला महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती वीनू हिरवानी, बाल संरक्षण अधिकारी श्री विजय शंकर शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। आयोग की अध्यक्ष डॉ नायक ने कार्यालय के उद्घाटन के पश्चात कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि संभागीय कार्यालय खुलने बस्तर संभाग की महिलाओं को सुविधा होगी। अब आयोग से संबंधित आवेदन सीधे संभागीय कार्यालय में दे सकते है, जिससे आवेदनों के निराकरण में भी तेजी आएगी।

# महिला अधिकारों के प्रति जागरुकता का अभियान पहुंचे घर-घर तक: नायक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की ओर से महिला उत्पीड़न पर नियंत्रण के लिए सभी संभाग मुख्यालय में दिए जाने वाले प्रशिक्षण का शुभारंभ बस्तर संभाग से किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक तथा आयोग के सदस्यों की उपस्थिति में शुक्रवार 17 फरवरी को कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में महिला आयोग की सदस्य श्रीमती बालो बघेल, जिला पंचायत बस्तर की अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, जिला पंचायत दंतेवाड़ा की अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा, जगदलपुर नगर निगम की अध्यक्ष श्रीमती कविता साहू सहित विभिन्न जनपद पंचायत एवं नगर पालिका व पंचायतों के अध्यक्ष, जिला पंचायत बस्तर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे सहित सातों जिलों के महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती नायक ने कार्यशाला में संभाग भर से जनप्रतिनिधियों के साथ ही पुलिस और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महिला अधिकार और सम्मान के संरक्षण के लिए आयोजित यह कार्यशाला एक अभियान है तथा इसका संदेश घर-घर तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला आयोग द्वारा संभाग स्तर पर पूरे प्रदेश में सबसे पहले बस्तर से प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया है।

इसमें साइबर क्राईम एवं मानव तस्करी तथा महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध तथा प्रतितोष) अधिनियम 2013 के प्रावधानों के संबंध में विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जा रही है। उन्होंने इस अवसर पर महिला आयोग के कार्यो के संबंध में भी विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि महिला आयोग महिलाओं के अधिकार और उनके सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित है। महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायत के लिए महिला आयोग द्वारा व्हाट्स अप नंबर भी जारी किया गया है। इसमें की गई शिकायत पर महिला आयोग द्वारा कार्यवाही की जाती है। कई बार पीड़िता या उसके परिजनों द्वारा शिकायत नहीं किए जाने के बावजूद अन्य जनसंचार माध्यमों से प्राप्त समाचारों के आधार पर भी महिला आयोग द्वारा स्वयं संज्ञान लेकर कार्यवाही प्रारंभ की जा जाती है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग द्वारा शिकायत प्राप्त करने के लिए अभिव्यक्ति एप की तरह एप भी लांच करेगी। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में आगामी कुछ दिनों में बस्तर संभाग में महतारी न्याय रथ भी संचालित की जाएगी। इसके माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सहायता प्राधिकरण द्वारा चयनित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# कमिश्नर ने किया मक्का प्रोसिसिंग यूनिट का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 18 फरवरी।** बस्तर कमिश्नर श्री श्याम धावडे ने कोंडागांव जिले के ग्राम कोकोडी में निर्माणाधीन मक्का प्रोसेसिंग यूनिट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मक्का प्रोसिसिंग यूनिट का निर्माण लगभग 140 करोड़ 67 लाख की लागत से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा इस यूनिट के निर्माण कार्य की प्रगति का सतत संज्ञान लेकर आवश्यक निर्देश देते रहते है। श्री धावडे ने अपने तीसरी बार निरक्षण दौरे में निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा और अवलोकन किया। उन्होंने जून माह 2023 तकनिर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। निर्माण संस्था के अधिकारियों से प्लांट में मक्का के भंडारण क्षमता, पानी की उपलब्धता के संबंध में चर्चा किए जिस पर कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने बताया कि मक्का के भंडारण क्षमता को बढ़ाया गया है। प्लांट के लिए खड़कघाट से अतिरिक्त पानी की व्यवस्था हेतु सर्वे की कार्यवाही किया जा रहा है। साथ ही प्रशासन द्वारा किसानों की संगोष्ठी मक्का प्रोसेसिंग यूनिट हेतु मक्का देने के लिए किसानों को सहमत किया जा रहा है और विकासखंड स्तर पर उपार्जन और संधारण करने के लिए स्थल का भी चयन किया जा रहा है।इसके अलावा किसानों को निर्माणाधीन प्लांट का अवलोकन कराया जा रहा है। बस्तर संभाग में मक्के का उत्पादन सर्वाधिक कोंडागांव जिले में होता है इन मक्का उत्पादक किसानों को समर्थन मूल्य में खरीदी कर आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान करने के लिए प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण कोंडागांव जिले में किया जा हैं। अधिक मात्रा में मक्के का उत्पादन से यहां के किसान पहले कम दामों में बिचैलियों को अपना उत्पाद बेचते थे। कोंडागांव और संभाग में उत्पादित मक्के का पूर्वी एशियाई देशों सहित अन्य देशों में एथेनॉल,स्टार्च और जैविक खाद जैसे उत्पाद बनाने के लिए विशेष डिमांड होती रही है। कोंडागांव जिले में रबी और खरीफ में कुल 75 हजार 394 हेक्टेयर में मक्का की खेती किया जाता है प्रति वर्ष 3 लाख मीट्रिक टन से अधिक मक्का उत्पादन होता है। यूनिट के निर्माण से उक्त उत्पाद का उपयोग कोंडागांव में होने लगेगा। इस इकाई से प्रतिदिन मक्के से 80 हजार लीटर इथेनॉल का उत्पादन किया जाएगा। यूनिट की क्षमता के आधार पर प्रोसेसिंग यूनिट में प्रतिदिन 207 मेट्रिक टन मक्के की आवश्यकता होगी जो यहां के किसानों द्वारा उत्पादित मक्के से पूर्ण किया जाएगा। कोंडागांव जिले के 45 हजार मक्का उत्पादक किसान समिति के अंश धारक के रूप में जुड़े हुए हैं। किसानों को मक्के का समर्थन मूल्य में विक्रय के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार करने का प्रयास शासन द्वारा किया जा रहा है। मक्का प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण कार्य प्रगतिरत है यूनिट के निर्माण कार्य में प्रतिदिन 150 से 200 श्रमिक कार्य कर रहे। जिसका निर्माण जून माह 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है मक्का प्रोसेसिंग यूनिट की सभी वैधानिक स्वकृतियां प्राप्त कर ली गई है। जून 2023 से इसमें एथेनॉल का उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा । यूनिट के संचालन से क्षेत्र के ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगा। साथ ही प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से संभाग के मक्का उत्पादक किसानों को लाभ होगा। यूनिट की निर्माण कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण करने के लिए जिला प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा और जिला प्रशासन के अधिकारी सतत निरीक्षण और आवश्यक सहयोग दिया जा रहा है। इसके लिए कमिश्नर श्री धावड़े ने सराहना किए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दीपक सोनी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश शर्मा,डिप्टी कमिश्नर श्रीमती माधुरी सोम,एसडीएम चित्रकान्त चार्ली सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कमिश्नर ने ग्राम सरपंच से वन अधिकार मान्यता पत्र ऋष्टा पुस्तिका का वितरण,जाति प्रमाण पत्र निर्माण, राजस्व से संबंधित कार्य, हितग्राही मूलक कार्यो की स्थिति, रोजगार गारंटी के कार्यो, श्रमिक पलायन की स्थिति, देवगुड़ी स्थल का विकास सहित अन्य विकास कार्यो का भी क्रियान्वयन की भी जानकारी ली।



## समाचार संक्षेप

### यातायात पुलिस एवं परिवहन शाखा ने किया स्कूली बसों का निरीक्षण



**बीजापुर 18 फरवरी।** 17 फरवरी को यातायात पुलिस एवं परिवहन शाखा बीजापुर द्वारा जिला बीजपुर के संत चावरा स्कूल में स्कूल बसों का निरीक्षण किया गया जिसमें वाहनों में सीसीटीव्ही कैमरा, अग्निशामक यंत्र, प्राथिमिक चिकित्सा बाक्स, परमिट, फिटनेस, बीमा, ब्रेक , पार्किंग लाईट, निर्धारित स्थान पर स्कूल विवरण लेखन चेक किया गया । कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी संजय सूर्यवंशी, जिला परिवहन अधिकारी किशन लाल माहौर एवं यातायात का बल उपस्थित थे ।

### जेसीबी वाहन चोरी के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**बीजापुर 18 फरवरी।** जेसीबी वाहन के चोरी के सम्बन्ध मे प्राथी दवरा थाना बीजापुर में अपराध पंजीबद्ध कराया गया था द्य प्रकरण मे चोरी की वाहन की पतासाजी लगातार प्रयास किये गए द्य विवेचना के दौरान चोरी की जेसीबी जनगांव तेलंगाना में होने की सूचना पर थाना जनगांव से संपर्क कर कोतवाली बीजापुर से उप निरीक्षक पीयूष कटियार एवं सउनि पी.सुरेश राव एवं हमराह स्टॉप को जनगांव के लिये रवाना किया गया ।थाना जनगांव पुलिस से आपसी समन्वय स्थापित कर वाहन की पतासाजी किया गया । थाना जनगांव क्षेत्र से चोरी की जेसीबी एवं बीजापुर से चोरी किये जेसीबी को आरोपी :-1-मोहम्मत सालेह पिता याशिन उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम लोहिंगाकला पुनहना मण्डल जिला मेवात हरियाणा 2-मोहम्मद शौकिन पिता याशिन उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम लोहिंगाकला पुनहना मण्डल जिला मेवाह हरियाणा के कब्जे से बरामद किया गया। पकड़े गये आरोपियों को न्यायि?क रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय जनगांव तेलंगाना के समक्ष पेश किया गया है।



### कृषि महाविद्यालय में सेमीनार का आयोजन

**उत्तर बस्तर कांकेर 18 फरवरी।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट में यूथ 20 समग्र के ढांचे के तहत सेमीनार आयोजित किया गया। अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सिंगारभाट के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. एन.के.रस्तोगी के मार्गदर्शन मे सह-प्राध्यापक डॉ. प्रमोद कुमार नेताम के द्वारा रोजगार के भाव स्वरूप पर आधारित कौशल विकास के संदर्भ में प्रकाश डाला। सह-प्राध्यापक उद्यानिकी डॉ. पी.एस.मरकाम ने स्थायी विकास में विश्व शांति की भूमिका के संदर्भ में जानकारी दिये। सस्य विज्ञान के सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार नेताम ने जलवायु परिवर्तन के दौर में स्थायी विकास के संदर्भ में जानकारी दी जिससे स्थायी विकास के साथ-साथ टिकाऊ बना रहें। आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन के सह-प्राध्यापक डॉ. जीवन लाल सलाम ने खेलकूद से स्वास्थ्य समाज का निर्माण के विषय पर बात कही जिससे नव-युवकों में कर्मठता एवं अनुशासन शीलता का सीख मिले। कीटषास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. पीयूष कांत नेताम ने लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी के विषय पर बात कही जिससे युवाओं में लोकतंत्र के प्रति अपनी भूमिका, कर्तव्य के प्रति जागरूक हो सके। इंजीनियर गंगाधर, मृदा एवं जल अभियांत्रिकी सहायक प्राध्यापक ने योग एवं आयुर्वेद आधारित विकास के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि नव युवाओं में योग एवं आयुर्वेद के संबंध में जागरूकता किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किये।



### कमिश्नर ने उत्पादन की बिक्री पर जोर दिया

**जगदलपुर, 18 फरवरी।** संभागायुक्त श्री श्याम धावडे ने कोंडागांव जिला मुख्यालय में संचालित के शिल्पग्राम के विक्रय केंद्र में बस्तर विकास प्राधिकरण मद से शिल्पियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक करोड़ रुपये का शिल्प वस्तुओं का आर्डर दिए। शुक्रवार को कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान उन्होंने शिल्पग्राम का निरीक्षण किया। यहां पर प्रदर्शनी सह बिक्री के लिए रखे गए उत्पादों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उत्पादन की बिक्री पर जोर दिया। उन्होंने संभाग के सभी जिलों में दी जाने वाले प्रोत्साहन प्रतीक चिन्ह और मोमेंटो के लिए बस्तर के शिल्पग्राम से खरीदी करने हेतु कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निगम और नगरी निकाय के अधिकारियों को निर्देशित किए। साथ ही कोंडागांव जिले में शिल्पग्राम का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किए। इस दौरान उन्होंने परिसर में शिल्प तैयार कर रहे कलाकारों से भी मुलाकात किए। परिसर में स्थित 5 कॉटेज को वन विभाग से मरम्मत करवाकर उनमें शिल्प कलाकारों को रहने हेतु प्रेरित करने कहा। परिसर में संचालित महिला स्व सहायता समूह की कैंटीन का भी अवलोकन कर उनके उत्पादों का स्वाद लिए और समूह के उत्पाद को खरीदा ।

एक नजर

## यज्ञ मंडप की परिक्रमा से मिलता है यज्ञ करने का फल:शास्त्री

**महासमुंद,18 फरवरी।** यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने मात्र से यज्ञ करने का फल मिलता है, इसलिए प्रत्येक प्राणियों को भगवान यज्ञनारायण की कम से कम तीन परिक्रमा अवश्य करना चाहिए। यज्ञ मंडप में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। इसलिए उन सभी देवी देवताओं की परिक्रमा का फल भी मिल जाता है। सिरपुर स्थित यज्ञशाला में चल रहे 11 दिवसीय श्रीअतिरुद्रात्मक महायज्ञ के यज्ञाचार्य बल्देव प्रसाद शास्त्री ने परिक्रमा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि यज्ञ मंडप कोई साधारण मंडप नहीं होता, मंडप के प्रत्येक खंभ में आव्हानित देवी-देवताओं का वास होता है, इसलिए प्रायश्चित विधि से ही यज्ञ मंडप में प्रवेश करने का अधिकार प्राप्त व्यक्ति ही को यहां प्रवेश करना चाहिए। सभी व्यक्ति यज्ञ मंडप में प्रवेश नहीं कर सकते इसलिए परिक्रमा का विधान शास्त्रों में बताया गया है। यज्ञ के दसवें दिन काफी संख्या में श्रद्धालु गण यज्ञ स्थल पहुंचकर दर्शन लाभ और भगवान यज्ञनारायण की परिक्रमा कर रहे थे। यहां प्रतिदिन दो पारियों में हवन किया जा रहा है। महाशिवरात्रि 18 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। पूर्णाहुति के बाद शाम 4 बजे यज्ञ स्थल से महानदी तट व गंधेश्वर मंदिर के लिए गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। यज्ञ समिति के संरक्षक शेष नारायण अग्रवाल, अध्यक्ष थनवार यादव कोषाध्यक्ष डोमारसिंह चंद्राकर, सचिव भीमलाल वर्मा ,पद्मन सिंह ने श्रद्धालुओं से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं रिव्यू कमेटी की बैठक 23 को

**महासमुंद,18 फरवरी।**कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति एवं जिला स्तरीय रिव्यू कमेटी की गुरुवार 23 फरवरी की त्रैमासिक बैठक आयोजित होगी।प्रबंधक ज़िला अग्रणी बैंक अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में ज़िला बैठक में सितंबर 2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन होगा। वर्ष 2022-23 में दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही तक ज़िले के बैंकिंग एवं लोक व्यवहार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी। डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने हेतु किए जाने वाले प्रयास के साथ डिजिटल कार्यक्रम पर विचार-विमर्श होगा। उन्होंने बैठक में ज़िले के सभी बैंकर्स संबंधित सरकारी अधिकारियों से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## आंतरिक परिवाद समिति की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**महासमुंद,18 फरवरी।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध) अधिनियम के तहत कार्यालय स्तर में गठित आंतरिक परिवाद समिति द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर बंजारे एवं आंतरिक परिवाद समिति पीठासीन अधिकारी दुर्गा ज्योति राव के मार्गदर्शन में किया गया। जिला स्तर पर उपरोक्त अधिनियम का क्रियान्वयन करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुन्द के अधिवक्ता रूपम शर्मा एवं सुमन साहू तथा फैमली कोर्ट काउंसलर के अधिवक्ता साधना सिंह नैनी उपस्थित थे। प्रशिक्षकों द्वारा विकासखण्ड स्तर पर गठित आंतरिक परिवार के सदस्यों को अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए उनके सवालां का सरल तरीके से समाधान किया गया। इस दौरान समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## ओबीसी महासभा की रैली 24 को

**रायपुर, 18 फरवरी।** ओबीसी महासभा द्वारा 26 फरवरी को राजधानी में प्रदेश स्तर पर विशाल जनसभा एवं अधिकार रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में राष्ट्रीय स्तर, प्रदेश स्तर एवं स्थानीय स्तर के मुद्दों को शामिल किया जाएगा।

राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी की जनगणना के उपरांत आकड़े प्रकाशित किया जाए तथा जनसंख्या के बराबर न्यायपालिका कार्यपालिका विधायिका एवं सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र के सभी उपक्रमों में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जावे। दो दिसंबर 2022 को पारित आरक्षण विधेयक पर राज्यपाल का हस्ताक्षर अविलंब हो। मंडल कमीशन की अनुशंसाओं को पूर्णतः चलागू किया जाए। प्रत्येक जिला मुख्यालयों में ओबीसी महासभा के लिए भूमि एवं भवन आवंटित किया जाए।

प्रत्येक तहसील मुख्यालयों में ओबीसी के लिए पृथक से सर्व सुविधा युक्त छात्रावास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। राज्य छात्रवृत्ति में विसंगतियों को दूर रते हुए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की भांति समान शर्तों पर ओबीसी को भी छात्रवृत्ति प्रदान की जाए। ओबीसी के शासकीय सेवकों को पदोन्नति में आरक्षण प्रदान की जाए। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम ने दी है।

# राजिम माघी पुन्नी मेला पहुंचे पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,18 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक मोहन मरकार शुक्रवार को राजिम माघी पुन्नी मेला पहुंचे। श्री मरकाम भगवान श्री राजीव लोचन एवं श्री कुलेश्वरनाथ महादेव की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसके बाद महानदी मैया की आरती करने पहुंचे। उन्होंने वैदिक मंत्रों के साथ आरती उतारी तथा परिक्रमा किया। इस मौके पर राजिम विधायक अमितेश शुक्ल, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद्मा दुबे, डीके ठाकुर, सुनील तिवारी, मनीषा शर्मा, प्रीति पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम माघी पुन्नी मेला में त्रिवेणी संगम तट पर भव्य महानदी आरती का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इस बार यह आयोजन श्री राजीवलोचन आञ्जनेय सुंदरकांड एवं भजन ग्रुप के सुमधुर भजनों के कारण और भी अधिक दिव्य एहसास श्रद्धालुओं को दिला रहा है। 5 फरवरी से प्रतिदिन एक से बढ़कर एक नए एवं पुराने मनभावन भजनों की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों द्वारा दी जा रही है। जिसमें भजन गायक हुमन साहू, तुषार शर्मा एवं भुनेश्वर मिश्रा अपने भजनों से आरती स्थल सहित नदी क्षेत्र में उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर विवश कर रहे हैं। काली कमली वाला, ओ मां शेरोंवाली, गंगा तेरा पानी अमृत, मेरा दिल तो दीवाना हो गया मुरलीवाले, आओ महिमा गाएं भोलेनाथ की जैसे भजन सुनकर जनसमुदाय तारीफ करते नहीं थक रहे। इस भजन ग्रुप में ऑर्गन में कु. पायल भट्ट, ऑक्टोपैड में राजा पटेल, तबले पर पुरुषोत्तम मिश्रा सहित राजेंद्र निर्मलकर, कु. चांदनी, भूपेश देवांगन आदि कलाकार अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ रहे हैं। भजन ग्रुप के संयोजक एवं संचालक पुरुषोत्तम मिश्रा ने हमारे संवाददाता को बताया कि हमारे कलाकार छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों में अपनी प्रस्तुति विगत 10 वर्षो से देते आ रहे हैं किंतु छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का जो बीड़ा उठाया है वह सचमुच प्रशंसनीय है, उन्होंने आगे कहा कि हमारी समिति व कलाकारों को इस आरती मंच से एक नई पहचान मिली है, इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। संध्या कालीन महानदी आरती के ठीक पहले इस ग्रुप के भजन की प्रस्तुति का आनंद श्रोता भरपूर ले रहे हैं।

### राजिम माता की पूजा-अर्चना

पीसीसी अध्यक्ष श्री मरकार राजिम भक्तिन मंदिर समिति द्वारा आयोजित भोग भंडारे में भी पहुंचे। यहां उन्हेंने राजिम भक्तिन माता की आरती उतरकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू, भक्ति माता मंदिर समिति राजिम अध्यक्ष लाला साहू किसान कांग्रेस के जनक राम, जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, राघोबा महाडिक, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नीरज ठाकुर, विष्णु जांगड़े, समिति के महामंत्री रामकुमार साहू, सोहन साहू, संयुक्त सचिव राजू साहू, तरुण साहू, सदस्य डॉ ओंकार साहू, भागवत साहू, अरुण साहू, हरीश साहू सहित समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

## बनारस के पंडितों के मार्गदर्शन में हो रहा श्री रूद्रचंडी महायज्ञ

### ब्रम्हलीन पवन दीवान की अष्टम पुण्यतिथि पर पांच दिवसीय महायज्ञ



राजिम,18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ब्रम्हलीन स्वामी अमृतानन्द सरस्वती पवन दीवान के आठवीं पुण्य तिथि पर पंच दिवसीय श्री रूद्र चण्डी पठात्मक महायज्ञ 51000 पार्थिव शिवलिंग निर्माण दिनांक 14 फरवरी से महाशिवरात्रि तक किया जा रहा है, जिसमे मुख्य यजमान के रूप मे स्वामी अमृतानन्द सरस्वती (पवन दीवान) न्यास समिति के युवा सदस्य व राजिम कृषक सहकारी समिति के अध्यक्ष विकास तिवारी सपत्नीक शामिल हुए। इसरूद्र चण्डी महायज्ञ में गणपति, वरूण देवता पूजन, शोडष मातृका पूजन, सप्तघृत मातृका, वास्तु पूजन, भद्र मण्डल देवता पूजन, 64 योगनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, नवग्रह भद्र मण्डल पूजन, रूद्र क्लश पूजन, असंख्य रूद्र पूजन विशेषतः गौरी तिलक मण्डल चर्तुर्थलिंगोतो भद्र मण्डल पूजन पूर्ण किया गया।

यह रूद्र चण्डी पठात्मक महायज्ञ को बनारस संस्कृत विद्यापीठ से शिक्षित पण्डित चूडामणि पाण्डे, रोशन शास्त्री सहित आश्रम के न्यास समिति के उपाध्यक्ष अरूण दीवान व ब्रम्हचर्य आश्रम के व्यवस्थापक नूतन तिवारी सहित अनेक श्रद्धालु ने शामिल हुए।

## विश्व हिंदू परिषद की नई कार्यकारिणी गठित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 18 फरवरी।** अखंड राष्ट्र एवं सनातन धर्म की सुरक्षा मे सदैव खडे रहने वाली संस्था विश्व हिंदु परिषद के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा की सहमति पर जिलाध्यक्ष बजरंग शर्मा ने नयी कार्यकारिणी की घोषणा की है। उन्होने पत्थलगांव प्रखंड के अध्यक्ष के रूप मे चुडामणी यादव(पाकरगांव),संयोजक हिमांशु शर्मा(बिट्टु),नगर अध्यक्ष निपुन अग्रवाल एवं नगर बजरंग दल के संयोजक के रूप मे मोनू साहु की नियुक्ति की है। वही प्रखंड मंत्री अमरदास कुलदीप को बनाया गया है,जिलाध्यक्ष बजरंग शर्मा ने बताया कि विश्व हिंदु परिषद सनातन धर्म की रक्षा एवं अखंड राष्ट्र की सुरक्षा मे हमेंशा से एक चौकिदार की भूमिका निभा रहे है। उनका कहना था कि अखंड भारत की सुरक्षा मे जब भी विघटनकारी शक्तियों ने अपनी नजरे तरेरी है विश्व हिंदु परिषद एवं बजरंग दल उन शक्तियों को सबक सिखाने मे कोई कसर नही छोडी। उनका कहना था कि विश्व हिंदु परिषद के विभिन्न ईकाईयां सनातन धर्म की सुरक्षा के साथ साथ समाज के हर वर्ग के लोगो के लिए कार्य करने के लिए सदैव प्रयासरत है।

## तुसदा हाट बाजार में सूचना शिविर

**महासमुंद,18 फरवरी।** राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, उन्हें लाभ और योजनाओं के लाभ उठाने की प्रक्रिया के साथ आवेदन इत्यादि करने की जानकारी देने के लिए जनसंपर्क विभाग के जिला जनसंपर्क द्वारा जिले के हाट-बाजारों में सूचना शिविर सह विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के बागबाहरा विकासखण्ड ग्राम तुसदा के हाट बाज़ार में आज सूचना शिविर का आयोजन किया गया। अधिकारी-कर्मचारियों ने शिविर में आए नागरिकों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ लाभ उठाने की प्रक्रिया के बारे में बताया जा रहा है। कल शुक्रवार पिथौरा ब्लॉक के जनपद परिसर में सूचना शिविर लगेगा।

## एकलव्य स्कूल में तीरंदाजी प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद। 26वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता 10 से 14 मार्च 2023 तक हरियाणा के पंचकूला में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलकूद के लिए प्रदेश के तीरंदाजी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में दिया जा रहा है।कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर सरंक्षण एवं पंकज राजपूत वनमण्डलाधिकारी व वाहिद खान उप वनमण्डलाधिकारी के निर्देशन एवं शिल्पा साय सहायक आयुक्त व मनोज धृतलहरे जिला खेल अधिकारी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ वन विभाग से तीरंदाजी खेल के लिए अभ्यास प्रशिक्षण 4 से 28 फरवरी तक दिया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी अमित कुमार ध्रुव उप वनक्षेपाल कवर्धा, प्रमिला साहू बीएफओ कवर्धा, पुष्पा मरकाम बीएफओ कवर्धा, समीर नेताम बीएफओ बीजापुर, विनोद एंजा बीएफओ बीजापुर एवं मनाराम साहू डाटा एंट्री ऑपरेटर वन मुख्यालय नवा रायपुर इन 6 धनुर्धर को एकलव्य स्कूल के तीरंदाजी कोच हीरू राम साहू खेल शिक्षक द्वारा तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रशिक्षण का जायजा लेने छत्तीसगढ़ वन विभाग की ओर से तीरंदाजी खेल प्रभारी डीके मेहर उपवन मण्डलाधिकारी रायपुर का आगमन हुआ। प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों से मुलाकात कर प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुए खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की। साथ ही एकलव्य स्कूल भोरिंग परिसर को देखकर तीरंदाजी के साथ अन्य खेल गतिविधियों के लिए बहुत ही उपयुक्त स्थान बताया। इस अवसर पर संस्था से प्राचार्य तुलेन्द्र कुमार सागर, व्हीके असगर उपप्राचार्य, नीलेश खांडे एवं चित्ररेखा खांडे अधीक्षकद्वय, हीरू राम साहू, विनोद वर्मा आदि मौजूद रहे।

## आंतरिक परिवाद समिति की कार्यशाला संपन्न

**महासमुंद।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध) अधिनियम के तहत कार्यालय स्तर में गठित आंतरिक परिवाद समिति द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर बंजारे एवं आंतरिक परिवाद समिति पीठासीन अधिकारी दुर्गा ज्योति राव के मार्गदर्शन में किया गया। जिला स्तर पर उपरोक्त अधिनियम का क्रियान्वयन करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुन्द के अधिवक्ता रूपम शर्मा एवं सुमन साहू तथा फैमली कोर्ट काउंसलर के अधिवक्ता साधना सिंह नैनी उपस्थित थे। प्रशिक्षकों द्वारा विकासखण्ड स्तर पर गठित आंतरिक परिवार के सदस्यों को अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए उनके सवालां का सरल तरीके से समाधान किया गया।

स्वागत



**महासमुंद।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा व्हीआईपी रोड स्थित बेबी लॉन में आयोजित गौरव समागम 2023 में पधारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। बता दें कि नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित गौरव समागम कार्यक्रम में प्रदेश भर के नगर निगम के महापौर, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के अध्यक्षों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संवाद किया। इस दौरान राज्य के समस्त नगरीय निकायों के विकास के लिए 1000 करोड़ रुपए की घोषणा की।

## पटाखा व्यापारी ने पैसे के लेन-देन पर व्यापारी को दी जान से मारने की धमकी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,18 फरवरी।** जिले के कुकानार ग्राम पंचायत में 10 फरवरी को दो व्यापारीयो के बीच पैसे की लेंन देंन के पीछे मामला इतना बढ़ गया कि अब दोनों पक्ष ने थाने की दरवाज़े को खटखटाया है ,मामला सुकमा जिले के कुकानार का है जहाँ कुकानार निवासी अशोक चौहान पेशे से व्यापारी और राजनीति से समंध रखते है , और दूसरी ओर जगदलपुर के बड़े फाटका व्यापारी सचिन जैन के बीच 10 फरवरी को लेंन - देंन को लेकर कहा सुनी हो गई , जिसके बाद कुकानार व्यापारी अशोक चौहान ने कुकानार थाने में फाटाका व्यापारी सचिन जैन के ऊपर अभद्रता (गाली गलौज ) का और जान से मारने का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज करवाया है , तो वही सचिन जैन ने समाचारों के माध्यम से अशोक सिंह चौहान को राजनीति के आड़ में चाकू दिखाकर गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया है ,और उनकी राजनीतिक करियर को धूमिल करने की कोशिश की है । इस समंध में कुकानार व्यापारी अशोक चौहान ने बताया कि 10 फरवरी को जगदलपुर निवासी फटाका व्यापारी सचिन जैन अन्य दो लोगो के साथ मेरे दुकान के सामने मुझसे उधारी लेने पहुँचे थे जिनको मैन विनम्रता पूर्वक निवेदन भी किया था कि अभी मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण मैं पैसा कुछ दिनों तक नही दे पाऊंगा ,परन्तु सचिन जैन ने मेरी एक न सुनी और मुझसे गाली गलौज करने में उतारू हो गए साथ ही दो अन्य लोगो को ले कर आया हु तुझे मरवा दूँगा कर के बात करने लगे जिसके कारण मैंने कुकानार थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई है, इसके पश्चात अब फटाका व्यापारी सचिन जैन मेरी राजनीति को धूमिल करने के उद्देश्य से मुझ पर समाचारों के माध्यम से बे बुनियाद आरोप लगा रहा है , अगर मैंने सचिन जैन को चाकू दिखाकर डराया है तो मेरे दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है जिसे पुलिस देख सकती है और पुलिस इसकी विवेचना कर सकती है , परन्तु सचिन जैन के द्वारा मुझ पर लगाये आरोप सिद्ध नही होते है तो मैं मुझे व मेरी कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने की कोशिश करने के कारण सचिन जैन पर मांन हानि का दावा करूँगा ।

■ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 18 फरवरी ।** जिला पंचायत सुकमा के सामान्य सभा का आयोजन अध्यक्ष श्री हरीश कवासी के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं कृषि विभाग के कार्यो के साथ ही शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खाद्य विभाग, पीएचई विभाग, क्रेडा, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों की विस्तृत समीक्षा की गई।महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बताया कि गत दिवस पूर्व ही विभाग के द्वारा 250 जोड़े का विवाह संपन्न कराया गया। साथ ही विभाग के द्वारा जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत गर्भवती एवं शिशु को गर्भ भोजन प्रदाय किया जा रहा है। परिणामस्वरूप अक्टूबर माह में नीति आयोग के जारी रिपोर्ट के अनुसार आंकाक्षी जिले में तीसरा स्थान मिला। उन्होंने बताया कि जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आवश्यकता को देखते हुए अधिकांश पदों पर भर्ती की चुकी है और बचे हुएपदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है।कृषि विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले के ग्रामीणों को कोदो-कुटकी, रागी का बीज वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से 17,900 से अधिक किसानों का ई-केवाईसी किया जा चुका है। उन्होंने अवगत कराया कि किसान सम्मान निधि के तहत किसानों की दी जाने वाली राशि हेतु आधार सीडिंग का कार्य शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। इसके अलावा जिले में 11,400 से अधिक किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड बनाया गया है। आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी ने बैठक में बताया कि जिले में 142 आश्रम एवं छात्रावास संचालित है। जिसमें 12,410 बच्चें जिनमें 6,865 बालक एवं 5,545 बालिका अध्ययनरत है। साथ ही जिले में देवगुड़ी को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 434 देवगुड़ी में छिन्दगड़ के 130, सुकमा के 52 और कोंटा से 252 देवगुड़ी शामिल है।शिक्षा विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में 83,674 अध्ययनरत स्कूली बच्चों को गणवेश वितरण किया गया है। साथ ही 1202 कक्षा 9 वीं की छात्राओं का सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि कक्षा दूसरी से 11,000 से ज्यादा बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाया जा चुका है और बच्चों का स्कूल में ही निवास प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है।उन्होंने मार्च में होने वाली परीक्षाओं के बारे में अवगत कराया कि जिले में 16 केन्द्र बनाये गए है। जिसमें से 3 नवीन केंद्र जगरगुण्डा, मरईगुड़ा और मुरतोंडा केंद्र है। शिक्षा अधिकारी ने आरटीई एक्ट के तहत बीपीएल परिवारों, के लिए आरक्षित 191 सीट के होने की बात कही जिसमें गत वर्ष 165 सीट ही पूर्ण होने की बात कहीं। जिले में वर्तमान 7 सेजेस संचालित है। आगामी वर्ष में 18 नवीन सेजेस चालू होने की बात कही जिससे जिले में 25 सेजेस हो जाएंगे। खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष धान खरीदी अच्छी हुई है। जिले से 11848 किसानों से धान खरीदी की गई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2 नवीन केंद्र खुले जिससे धान विक्रय करने में किसानों को आसानी हुई।अध्यक्ष श्री हरीश कवासी ने कहा कि सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देते रहने की बात कही। साथ ही आश्रम एवं छात्रावास में शौचालयों को प्राथमिकता देने की बात कही। जिले में जहां-जहां भी नए भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, वहा बिना विलंब किये बच्चों को स्थानांतरित करने को कहा।बैठक में श्री डीएन कश्यप, सीईओ जिला पंचायत सुकमा, श्री बोड्डू राजा उपाध्यक्ष जिला पंचायत सुकमा, श्रीमती आदम्मा मरकाम सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती फुलेश्वरी बघेल सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती गुज्जो संगीता सदस्य जिला पंचायत, श्री रामा सोड़ी सदस्य जिला पंचायत, श्री राजु नाग सदस्य जिला पंचायत, श्री सुन्नम नागेश सहित सभी विभागों के विभाग प्रमुख एवं जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## प्रवेश के लिए आनलाईन आवेदन 6 मार्च से

**सुकमा 18 फरवरी ।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) अंतर्गत सभी निजी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षा में 25 प्रतिशत सीट बीपीएल परिवारों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति दिव्यांग, अनाथ, एचआईवी पॉजीटिव तथा तृतीय लिंग के लिए आरक्षित रखा गया है। इसके तहत जिले में संचालित 17 निजी शालाओं में सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रथम चरण 06 मार्च से 10 अप्रैल 2023 तक तथा द्वितीय चरण 01 जुलाई से 15 जुलाई 2023 तक होगा।

## कलेक्टर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों से मिले



**महासमुंद,18 फरवरी।** कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने विगत बुधवार जिले के विकासखण्ड बागबाहरा पहुंचकर समाज कल्याण विभाग से प्राप्त मान्यता एवं अनुदान प्राप्त फॉर्चून फाउण्डेशन समाज सेवी संस्था के करमापटपर बागबाहरा खुर्द में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों से मिले। उन्हांने छात्र-छात्राओं को मिठाई और चॉकलेट दी। साथ ही संस्था में अध्ययनरत दृष्टिबाधित छात्रों को एक स्मार्ट फोन, 4 स्मार्ट केन के साथ ही 6 ब्रेल कीट सौंपी। सभी छात्र आधुनिक सामग्री पाकर बहुत खुश हुए। संस्था के अध्यक्ष निरंजन साहू ने कलेक्टर का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसके टंडन, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, तहसीलदार रमेश कुमार मेहता, सीईओ जनपद जीआर बरिहा के साथ ही संस्था के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# भाजपाई उतरे सड़क पर, थम गए वाहनों के पहिए





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 18 फरवरी।** बलौदाबाजार जिला कसडोल विधानसभा में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 फरवरी 2023 दिन शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे से कसडोल नगर के हड़हापारा चौक पर भाजपा मंडल कसडोल के अध्यक्ष कृष्णकुमार पटेल की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने, बस्तर जिला में वर्तमान कांग्रेस सरकार की शह पर नक्सलियों द्वारा टारगेट कर केवल और केवल भाजपा नेताओं एवम् कार्यकर्ताओं की हत्या किए जाने के विरोध में राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतरे और मुख्य सड़क को जाम कर दिय और सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। इस चक्का जाम की वजह से दोनों ओर वाहनों की आवाजाही बंद होने से लंबी लाइनें लग गई, जाम खुलवाने पुलिस व प्रशासन को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। बाद में कसडोल तहसीलदार विवेक कुमार पटेल की समझाइश पर सड़क खाली की गई, वाहनें सुचारू रूप से अपने-अपने गंतव्य की ओर जाने लगी। तब कहीं जाकर प्रशासनिक अधिकारियों नें राहत की सांस ली। आज के इस चक्का जाम और धरने की खास बात यह रही कि पुरुषों की अपेक्षा महिला कार्यकर्ताओं की संख्या सर्वाधिक रही। उक्त चक्का जाम और धरना प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार पटेल के अतिरिक्त प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, जिला मंत्री राजकुमार साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि संतोष वैष्णव, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नागेश्वर साहू, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सीमा थवाईत, महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरिता जायसवाल, मछुआ प्रकोष्ठ जिला संयोजक भीखम प्रसाद कैवर्त्य, ईश्वर पटेल, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त्य, दिलहरण जायसवाल, ओमप्रकाश निराला, जोगिंदर दवानी, गणेश शंकर साहू, कमल श्रीवास, पार्षद कमल कैवर्त्य, अनुराधा कर्ष, गोमती साहू, महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष निर्मला साहू, विष्णु यादव, हेमंत साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस सरकार की कानून व्यवस्था लचर : संदीप शर्मा

**छुरा, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर संभाग में हुई भारतीय जनता पार्टी के चार पदाधिकारियों के सुनियोजित तरीके से लक्ष्य बनाकर हत्या एवं प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में भाजपा ने शुक्रवार को छुरा कोसमबुड़ा चौक में चक्काजाम किया। इस दौरान करीब 2 घंटे छुरा फिंगेश्वर व कोमाखान मार्ग बाधित रहा। चक्का जाम के दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा,भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चन्द्राकर,मंडल अध्यक्ष पीलूराम यादव भी मौजूद थे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा की भूपेश सरकार के नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था लचर हो गई है।बस्तर संभाग क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से लक्ष्य बनाकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की निर्मम हत्या कर दी। लेकिन प्रदेश सरकार चुप्पी साधे बैठे है। उन्होंने कहा की प्रदेश में आज अराजकता की स्थिति है, लूटपाट, हत्या, दुष्कर्म के मामले रोज सामने आ रहे है, भूपेश सरकार कानून व्यवस्था को संभालने में नाकाम है। आज बिगड़ती कानून व्यवस्था के चलते प्रदेश में नक्सली गतिविधियां बढ़ गई है, बस्तर में जिस प्रकार एक माह के के भीतर भाजपा के चार पदाधिकारियों की निर्मम हत्या कर दी गई,यह पूरी तरह सुनियोजित घटनाक्रम है। इसके बाद भी भूपेश सरकार खामोश है।घटना के पीछे सरकार का संरक्षण स्पष्ट नजर आता हैं।भूपेश सरकार को जगाने आज प्रदेशव्यापी चक्काजाम आंदोलन किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बस्तर में भाजपा नेताओं के निर्मम हत्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी राज्य में कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल की सरकार षड़यंत्र पूर्वक भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की हत्या करवा रही है। और छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति चौपट है।छत्तीसगढ़ की भूमि को रक्त रंजित करने का प्रयास किया जा रहा है।छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया गया है। ऐसे में ये बताता है की आज राज्य की कांग्रेस सरकार भूपेश बघेल की सरकार विपक्ष से कितनी डरी हुई है।अलोकतांत्रिक कदम भूपेश बघेल की सरकार उठा रही है।भूपेश बघेल को न तो संविधान पर भरोसा है न ही लोकतंत्र पर भरोसा है।सरकार आज डरी हुई है, छत्तीसगढ़ चार साल में अपराध का गढ़ बन गया है। भाजपा के चार पदाधिकारियों की हत्या के पीछे षड्यंत्र नजर आता है। इसके विरोध में भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में चक्काजाम आंदोलन किया गया।



## तिल्दा-नेवरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया चक्काजाम



**तिल्दा नेवरा, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश भाजपा के आवाहन पर भाजपा तिल्दा शहर एवं ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं ने नगर में किया चक्का जाम बस्तर क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा किए जा रहे भाजपा कार्यकर्ता एवं नेताओं की हत्या के विरोध में पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा एक दिवसीय चक्का जाम धरना प्रदर्शन किया गया अनिल अग्रवाल और ईश्वर यदु के नेतृत्व में तिल्दा सौरभ पेट्रोल पंप के पास मुख्य रास्ता पर शहर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया चक्का जाम वही टंकराम वर्मा व भागबली साहू के नेतृत्व में ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्राम पंचायत तुलसी के मुख्य मार्ग पर चक्का जाम धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें मुख्य रुप से जिला के महामंत्री अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे उन्होंने सरकार पर नक्सलियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए जमकर कोसा वही शाम को भाजयुमो तिल्दा शहर के नेतृत्व में मशाल रैली निकाला गया जिसमें कांग्रेस सरकार के खिलाफ जंमकर नारेबाजी युवाओं के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम पंजवानी जिला कोषाध्यक्ष, टंकराम वर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, ईश्वर यदु मंडल अध्यक्ष शहर, तिल्दा भागबली साहू मंडल अध्यक्ष ग्रामीण, सौरभ जैन शहर महामंत्री, विकास सुखवानी सतीश निषाद पार्षद मनोज निषाद पार्षद सुखदेव वर्मा पोषण वर्मा पार्षद नरसिंह वर्मा मनहरण वर्मा चरण जांगड़े शुभम पांडे आदित्य तिवारी टेकराम यादव केयूर भूषण शर्मा गिरीश साहू दीपक वर्मा यशवंत सेन रवि सेन प्रियांश सोनी देव अग्रवाल सैकड़ों की संख्या में भाजपा तिल्दा शहर और ग्रामीण के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2022-2023
ग्राम-बलौदाबाजार प.ह.न.15

**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोतीलाल पांजा पिता लक्ष्मी नारायण पांजा जाति बैरागी निवासी ग्राम **बलौदाबाजार** तहसीलदार बलौदाबाजार द्वारा आवेदन किया है कि आवेदक की पुत्री रीना पांजा का जन्म दिनांक 30/05/1992 को स्थान ग्राम बलौदाबाजार घर में हुआ है। जिसका भूलवश नगर पालिका बलौदाबाजार में जन्म पंजीकरण अभिलेख में पंजीयन नहीं कराया था। जिसका जन्म पंजीकरण किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन के साथ मय दस्तावेज संलग्न किया है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 03/03/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**बलौदाबाजार**


## एक नजर

### स्वच्छता पखवाड़ा का नगर पालिका सीएमओ ने किया शुभारंभ



**भाटापारा, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्रीय भंडार निगम प्रथम भाटापारा में 16 फरवरी को स्वच्छता पखवाड़ा का उदघाटन, प्रमुख नगरपालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंह के द्वारा किया गया, भंडारगृह के प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता जागरूकता हेतु स्टिकर लगाए गए तथा कृषि उपज मण्डी सचिव शत्रुघन वर्मा,देवेंद्रभृगु, मनोहर कवर, राकेश डडसेना एवं भारतीय खाद्य निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक रवि प्रकाश,सहायक महा प्रबंधक भरत सिंह मीणा के द्वारा वृक्षारोपण किया गया भंडारगृह प्रबंधक एस.के यादव के अनुसार सूचित किया गया की यह कार्यक्रम 16 से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा जिसमें आस -पास ले परिसर को प्लास्टिक मुक्त करना, स्वच्छता रैली का आयोजन करना, टी - शर्ट खाद्य सामग्री का वितरण एवं स्वच्छता कर्मी का सम्मान व पुरस्कार वितरण किया जावेगा।

### दावा-आपत्ति 23 फरवरी तक

**बलौदाबाजार, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थायें बलौदाबाजार के विकासखण्ड भाटापारा के अंतर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा भाटापारा के मत्स्य सहकारी समिति मर्यादित बोरसी (घ) पं.क्र. 291 के सूचना पटल पर 17 फरवरी 2023 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो 17 फरवरी 2023 से 23 फरवरी 2023 तक सोसाइटी कार्यालय में रामायण पाल या कार्यालय उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएँ बलौदाबाजार में सप्रमाण लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में 24 फरवरी 2023 को कार्यालयीन समय में किया जाएगा। दावा आपत्ति के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते है. आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिगत सूचना नहीं दी जायेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखो के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा।

# भाजपा ने किया चक्काजाम व धरना-प्रदर्शन

## भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या की उच्चस्तरीय जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 18 फरवरी।** प्रदेश भाजपा के आह्वान पर नगर में भी शुक्रवार को शहर व ग्रामीण भाजपा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ के बस्तर में एक माह के अंदर 4 भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ सहित अन्य ग्रामीणों की निर्मम हत्या की उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर कार्रवाई को लेकर चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुराने बस स्टैंड चौक में लगभग डेढ़ घंटे चक्काजाम कर प्रदेश की भूपेश सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करके राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर विधान सभा प्रभारी अजय तिवारी पूर्व विधायक रामजी भारती विनोद खांडेकर सुरेंद्र सिंह बन्नाआना चीकू जैन प्रदीप बाघ हरिंदर एस मांगे शशिकांत द्विवेदी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल पवन मेश्राम शहर अध्यक्ष अमित जैन महामंत्री राकेश अग्रवाल संतोष राव नपा नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा सुजीत टंडन महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़ लक्ष्मी यादव नमिता चौहान अर्चला सिंह ठाकुर युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा जसमीत बनोवाना ग्रामीण महामंत्री लखन जंघेल अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र गेद्रे वीरेंद्र सोनी छबील साहू उपकार साहू मुरली गेडम राजेश गजभिए रवि मंडल हरीश मोटघरे मुकेश रामटेकेविनीत यादव वीरेंद्र साहू प्रिंस कक्कड़ सुनील तिवारी मानिक सेन अमित बोस जय कांत राहुल नामदेव शुभम देशमुख जय देवांगन देव वर्मा जी भार्गव राव विक्रांत सिंह राजपूत द्रोण सिन्हा हर्ष रोनाल्डो अक्षय यादव दिलीप सिन्हा दुर्गेश यदु दीपक यदु भार्गव राव ऋषभ रजक राजकुमार रजक जितेंद्र वर्मा डिंपी महापातरे सोमांशु गेंद्रे आवेश निगम सावन तेंबुरकर के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की लगातार हत्या की जा रही है जिसमें सरकार की भूमिका संदिग्ध है जिसके विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज मुख्य मार्ग में चक्का जाम कर प्रदर्शन किया है।

## 340 नग नॉन ड्यूटी पेड गोवा स्पेशल मदिरा के साथ दो गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 फरवरी।** आबकारी विभाग के उप निरीक्षक ने छापामार कार्यवाही करते हुए अवैध शराब विक्रेताओं को धर दबोचा जब उन्होंने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर छापा मारा तो आरोपी के घर में भूरे रंग के गत्ते के कार्टून में 48 नग तथा 1 सफेद रंग की बोरी में 100 नग कुल 148 नग नॉन ड्यूटी पेड गोवा स्पेशल मदिरा पाव धर्मेंद्र ध्रुव पिता-तीजू राम उम्र-22 वर्ष साकिन-देवरी थाना भाटापारा ग्रामीण (2) गेंदराम साहू पिता- भुलाऊ राम उम्र-37 वर्ष साकिन- देवरी थाना भाटापारा ग्रामीण। कलेक्टर रजत बंसल और सहायक आयुक्त आबकारी विकास गोस्वामी के निर्देशानुसार 16 फरवरी मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी उपनिरीक्षक जालेश सिंह ने अपनी टीम के साथ छापामार कार्यवाही करते हुए अवैध शराब बिक्री करते दो आरोपियों को रंगे हाथ धर दबोचा। ग्राम देवरी में धर्मेंद्र ध्रुव के मकान की विधिवत तलाशी लेने पर 4 नग गत्ते के कार्टून में प्रत्येक में 48 नग कुल 192 नग (34.56 बल्क ली) नॉन ड्यूटी पेड गोवा स्पेशल मदिरा पाव बरामद की गयी।



# बहुत ही शुभ योग लेकर आई है महाशिवरात्रि

✍ नरेन्द्र शर्मा

**तिल्दा नेवरा, 18 फरवरी।** नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भगवान शिव की पूजा करने सुबह से भक्त देवलयो में जाकर अभिषेक किया सोमनाथ सहित आसपास के प्राचीन मंदिरों में भीड़ देखी गई जगह जगह प्रसाद वितरण हुवा तो कई मंदिरों की पूजा अर्चना। की गई

कहते है कि महा-शिवरात्रि भगवान शिव के भक्तों के लिए वर्ष का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। कृष्ण पक्ष का 14वां दिन विशेष रूप से भगवान शिव के लिए समर्पित होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि शिव और शक्ति के मिलन का एक महान पर्व है। शिवपुराण के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। हिन्दू धर्म के अनुसार सृष्टि का संचालन तीन देव करते हैं। ब्रह्मा को रचना विष्णु को संचालन और महेश को इस सृष्टि के विनाश के लिए उत्तरदायी माना जाता है। इन तीनों ही देवताओं को एक साथ त्रिदेव की उपाधि दी गयी है। भगवान भोलेनाथ को देवो के देव महादेव भी कहते हैं। शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि महाशिवरात्रि दिन से ही सृष्टि का प्रारंभ हुआ था। गरुड़ पुराण, स्कन्द पुराण, पद्मपुराण और अग्निपुराण आदि में शिवरात्रि का वर्णन मिलता है। कहते हैं शिवरात्रि के दिन जो व्यक्ति बिल्व पत्तियों से शिव जी की पूजा करता है और रात के समय जागकर भगवान के मंत्रों का जाप करता है, उसे भगवान शिव आनन्द और मोक्ष प्रदान करते हैं। महर्षि ज्योतिष पंडित मालुराम शर्मा ने बताया की भगवान शिव ही परमात्मा है कलयुग में हर संकट के निवारण शिव पूजा से होता है

महाशिवरात्रि का पूजा मुहूर्त हिंदू पंचांग के अनुसार 18 फरवरी 2023, शनिवार के दिन महाशिवरात्रि का त्यौहार मनाया जाएगा। निशिता काल पूजा : 19 फरवरी को तड़के 12:16 से 1:06 तक रहेगा। निशिता काल पूजा की जो समय अवधि 50 मिनट रहेगी। महाशिवरात्रि पारण मुहूर्त:19 फरवरी, रविवार प्रातः 06:57 मिनट से दोपहर 03:



33 मिनट तक रात्रि प्रथम प्रहर पूजा समयः सायं 06: 30 मिनट से रात्रि 09:35 मिनट तक रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा समयः रात्रि 09:35 मिनट से तड़के 12:39 मिनट तक रात्रि तृतीय प्रहर पूजा समयः 19 फरवरी, रविवार, तड़के 12:39 मिनट से 03:43 मिनट तक रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा का समयः 19 फरवरी, रविवार, प्रातः 3:43 मिनट से 06:47 मिनट तक। शिव पूजा के बाद गोबर के उपलों की अग्नि जलाकर तिल, चावल और घी की मिश्रित आहुति दें। महाशिवरात्रि के दिन रात्रि जागरण का भी विधान है। मान्यता है कि जो भक्त ऐसा करते हैं, उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

शर्मा ने बताया की महाशिवरात्रि का महत्व सब को जानना चाहिए। महाशिवरात्रि के दिन शिव जी को प्रसन्न करने के लिए उनके भक्त व्रत रखते है। व्रत रखने से भगवान भोले प्रसन्न होते है और अपने भक्तो को आशीर्वाद देते है। यह व्रत रखने से हर जन्म के पापों से मुक्ति मिलती है। महाशिवरात्रि का व्रत उन लड़कियों को जरूर रखना चाहिए जो मनचाहा वर पाना चाहती है। इस व्रत को करने से विवाह से सम्बंधित सारी बाधाएं दूर होती है, जिस कन्या की शादी नहीं हो रही उसे यह व्रत जरूर करना चाहिए। जो लोग मुक्ति प्राप्त करना चाहते है उन्हें यह व्रत रखना चाहिए।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./317/निविदा/लो.नि.वि./2023 भिलाई-चरौदा, दिनांक-17.02.2023

**//मैनुअल पद्धति निविदा सूचना//**

नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा क्षेत्र में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/पंजीकृत फर्मों/एजेन्सी द्वारा निम्नानुसार कार्य हेतु दिनांक-**17.02.2023** से दिनांक-**21.03.2023** समय-साय **5.30 बजे** तक मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (₹ लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भिलाई-03 एवं चरौदा में आवश्यक मेडिकल सामग्री प्रदाय कार्य। | ₹ 17.68 |
| 2 | शव वाहन (स्वर्ग रथ) क्रय कार्य | ₹ 18.39 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सीधे नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा की वेब-साईट www.nagarnigambhilaicharoda.com से डाउनलोड कर निविदा की अंतिम तिथि तक कार्यालय में रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा/स्वीकार किया जावेगा। अंतिम तिथि के बाद निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम,**
**भिलाई चरौदा**

''प्रकृति को क्षति न पहुंचाएं, आओ धरती को जीने योग्य बनाएं''

**कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई**

क्र./जोन-3/न.नि./2023/1176/466 भिलाई, दिनांक 14/02/23

**//ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना//**

**Main portal:https://eproc.cgstate.gov.in**
**Sub portal:http://eproc.cgstate.gov.in**

लोक कर्म विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई टेंडर आमंत्रित की गई है। जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य नाम | सिस्टम टेंडर नं. | अनुमानित निविदा लागत (लाख में) | अमानत राशि | श्रेणी | ई-टेंडर आमंत्रण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन 03 क्षेत्रांतर्गत नंदनी रोड में (जोन-04 की तरफ) डामरीकरण मार्ग का संधारण कार्य। | 124732 | 100.00 | 75,000.00 | द से प्रवर श्रेणी | 14.02.2023 से 09.03.2023 तक |
| 2. | जोन-3 क्षेत्रांतर्गत केम्प-02 तालाब का विकास कार्य | 124774 | 98.66 | 75,000.00 | द से प्रवर श्रेणी | 14.02.2023 से 09.03.2023 तक |

**नोट:-** 1. धरोहर राशि offline जमा करने की अंतिम तिथि 14.03.2023 शाम 5.30 बजे तक कार्यपालन अभियंता/जोन आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के पक्ष में निक्षेप होगा।
2. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई प्राक्यूरमेंट वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में उपयुक्त श्रेणी में सम्मिलित होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर देखें।

**जोन आयुक्त**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्र.2 जगदलपुर**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

**क्रमांक 594/NIT-10/2022-23/व.ले.लि.** **दिनांक 15/2/2023**

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 28.02.2023 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 03.03.2023 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 06.03.2023 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक
ठेकेदार की श्रेणी :- द से अ श्रेणी हेतु
निविदा प्रपत्र की राशि :- रू. 300 एवं 750
कार्य की अवधि :- 31.03.2023 तक

| एन.आई.टी. क्रमांक/ निविदा क्रमांक | कार्य का नाम/आमंत्रण क्रम | अनु. लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.) बैंक साल्वेंसी (रू.) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 10 T0037 | उपसंभाग लोहण्डीगुड़ा के सड़क सामग्री प्रदाय कार्य। प्रथम आमंत्रण | 3.50 3500.00 52500.00 |
| 10 T0038 | उपसंभाग लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत मार्गों एवं पुल-पुलियों का वार्षिक मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 3.50 3500.00 52500.00 |
| 10 T0039 | उपसंभाग लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई का कार्य। प्रथम आमंत्रण | 10.00 7500.00 150000.00 |
| 10 T0040 | उपसंभाग लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य। प्रथम आमंत्रण | 3.50 3500.00 52500.00 |
| 10 T0041 | उपसंभाग लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत का कार्य। प्रथम आमंत्रण | 3.50 3500.00 52500.00 |

**टीप:-** अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि.( भ/स ) संभाग क्र.-2**
**जगदलपुर**

**जी-98645/3**

## एक नजर

### रोजगार कार्यालय का 21 को प्लेसमेंट कैम्प

**रायपुर, 18 फरवरी ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 21 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में सबेरे 11बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित है। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से व्हाइटलियो इण्डस्ट्रिज प्रालि, सी0आर0 केपिटल, स्पेक्ट्रम डिजिटल प्रिन्टस, सुमित बाजार और डॉ0 कांत वर्मा ऑनलाइन क्लासेस रायपुर द्वारा अकाउंटेंट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बैंक ऑफिस, क्वालिटी मैनेजर, लिगल असिस्टेंट, फाइनेंस एक्सीक्यूटिव्हस, एच0आर0 मैंनेजर, सिक्यूरिटी गार्ड, ड्राइवर, हेल्पर, फिल्ड एक्सीक्यूटिव, रेकी एक्सीक्यूटिव, टेली मार्केटिंग आफिस वर्कर, ऑफिस ब्वाय, टीम लिडर, सेल्स एक्सीक्यूटिव, ग्राफिक्स डिजाइनर इत्यादि कुल 100 से अधिक पदों पर 5वीं से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण योग्य/अनुभवी आवेदकों की भर्ती 7 हजार से 50 हजार रुपए प्रतिमाह की दर पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए आवेदक अपने साथ शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता/अनुभव प्रमाण-पत्र, बॉयोडाटा एवं एन.सी.एस. पोर्टल www.ncs.gov.in पर रजिस्ट्रेशन उपरांत उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

### पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल त्रुटी सुधार की अंतिम तिथि 10 मार्च

**रायपुर, 18 फरवरी ।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कालेज स्तर) का संचालन विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। वर्ष 2021-22 मे रायपुर जिले के कुछ विद्यार्थियों द्वारा पोर्टल पर गलत बैंक खाता नम्बर, गलत आई.एफएस.सी. कोड अंकित करने तथा बैंक खाता नम्बर अस्थाई रूप से बंद होने इत्यादि कारणों से छात्रवृत्ति का भुगतान असफल हो गया है। ऐसे विद्यार्थियों को दूरभाष पर मैसेज एवं ईमेल के माध्यम से सूचना प्रदाय की गई है,किन्तु आज तक विद्यार्थियों द्वारा पोर्टल पर त्रुटि का सुधार नही किया गया है। वर्ष 2021-22 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति असफल भुगतान वाले विद्यार्थियों के लिए पोर्टल पर त्रुटि सुधार हेतु अंतिम तिथि 10 मार्च निर्धारित किया गया है।

### कोदो, कुटकी, रागी के उत्पादन को बढ़ावा देने कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण का आयोजन

**रायपुर, 18 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आज अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 में मिलेट्स के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं उपभोग को बढ़ावा देने तथा इसके प्रचार-प्रसार के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। राजधानी रायपुर के नजदीक निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में कोदो, कुटकी और रागी जैसे मोटे अनाजों के उत्पादन, प्रसंस्करण एंव उपभोग को बढ़ावा देने के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में मिलेट्स के फायदों, इसके स्वास्थ्यवर्धक तथा पोषण से भरपूर होने संबंधी तथ्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया। भारत सरकार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में नेशनल मिशन मैनेजर जयराम किल्ली, डॉ. मोनिका सिंह चौहान, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, छत्तीसगढ़ की मुख्य संचालन अधिकारी सुश्री एलिस लकड़ा और प्रदान संस्था के प्रतिनिधि ने कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कोदो, कुटकी एवं रागी के फायदों तथा इनमें मौजूद पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी। स्वास्थ्य एवं पोषण पर केन्द्रित इस कार्यशाला में मोटे अनाजों को दैनिक भोजन में शामिल करने के बारे में विस्तार से बताया गया।

# कांग्रेस अधिवेशन को सफल बनाने तैयारियां जोरों पर

## कांग्रेस भवन के कंट्रोल रूम में बैठकों का दौर

**छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसे जाएंगे अतिथियों को**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 18 फरवरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन को सफल बनाने के लिए सभी समितियों की बैठक चल रही है। कांग्रेस भवन में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल नवा रायपुर में व्यवस्था देखने के लिए आज कई पदाधिकारी पहुंचे। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत भोजन की व्यवस्था देखेंगे। इस संबंध में वे एक उच्च स्तरीय बैठक लेंगे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं प्रशासकीय महासचिव रवि घोष के अनुसार 85वें कांग्रेस अधिवेशन के आयोजन की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ली है। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं समितियों की बैठक शुरू हो गई है। आज सभा स्थल पर जाकर विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों ने स्थिति की जानकारी ली है। समन्वय समिति की भी बैठक हुई है जिसमें शिव डहरिया एवं राजेंद्र तिवारी सहित सुशील आनंद शुक्ला ने भी महत्वपूर्ण सलाह दिए 24 फरवरी को सभी अतिथियों का आगमन होगा। 25 को स्टेयरिंग कमेटी की बैठक होगी। इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्यों के चुनाव कराने पर विचार किया जा रहा है। राष्ट्रीय महामंत्री जयराम रमेश एवं वेणुगोपाल विभिन्न राजनीतिक प्रस्तावों की जानकारी लेंगे। 26 फरवरी को जोरा में आमसभा होगी। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार आगंतुकों को 4 कैटेगरी में बांटा गया है। उच्च श्रेणी सुरक्षा प्राप्त अति सम्मानित कांग्रेसजन नई राजधानी के होटलों में ठहराए जाएंगे। वहीं एयरपोर्ट के समीप विभिन्न प्रदेशों के कांग्रेस कमेटी के सदस्यों एवं एआईसीसी के सदस्यों को ठहराया जाएगा।

### आकर्षक पोस्टर बने आकर्षण का केंद्र बिन्दु

युवा कार्यकर्ताओं ने वीआईपी रोड, राजीव गांधी मार्ग से लेकर एयरपोर्ट व कार्यक्रम स्थल उपरवारा तक आकर्षक पोस्टर लगाए हैं। इसको लेकर अब कांग्रेस में गुटबाजी खुलकर सामने आ रही है। अध्यक्ष मोहन मरकाम के विरोध को देखते हुए यहां पर अब उनका भी छायाचित्र चिपका दिया गया है। मोहन मरकाम और अमरजीत चावला इस समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के निशाने पर हैं। कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर अब कांग्रेस के महापुरुषों, पूर्व प्रधानमंत्रियों एवं संस्थापकों के भी छायाचित्र लगाए जाएंगे।

### भोजन व्यवस्था देखेंगे अमरजीत भगत

प्रदेश के खाद्य मंत्री जो कि संस्कृति विभाग भी देखते हैं आज राजिम गए हैं। वहां से लौटने के बाद अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। बैठक में भोजन व्यवस्था को सफल बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। अलग-अलग स्थानों पर भोजन की व्यवस्था की जाएगी। सभास्थल पर भोजन के पैकेट बांटे जाने का भी कार्यक्रम है। गर्मी को देखते हुए भोजन ताजा और स्वादिष्ट बनाया जाएगा।

श्रद्धालुओं का तांता...




**रायपुर 18 फरवरी। महादेवघाट स्थित हटकेश्वरनाथ मंदिर में आज महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।**

### अनुसुईया उइके आगंतुकों से मिलेंगी 21 को, छिंदवाड़ा से आज लौटेंगी

**रायपुर, 18 फरवरी(मुख्य नगर संवाददाता)।** वर्तमान राज्यपाल अनुसुईया उइके आज छिंदवाड़ा से देर शाम लौट जाएंगी। 21 फरवरी को राजभवन में आगंतुकों से मुलाकात करेंगी। मणिपुर की नवनियुक्त राज्यपाल 22 फरवरी को शपथ ग्रहण करेंगी। राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार नए छग के ाज्यपाल का शपथ ग्रहण समारोह 23 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे दरबार हाल में होगा। इसके लिए राजभवन में तैयारियां शुरू हो गई है। राजभवन सूत्रों के अनुसार यहां पर केवल वीआईपी लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सचिव अमिताभ जैन करेंगे। राज्य में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति चयन को लेकर भी काफी उत्सुकता है। नए राज्यपाल को कई सारी जिम्मेदारियां निभानी होगी। आदिवासी आरक्षण विधेयक को लेकर इस समय तनातनी चल रही है।

# राजधानी के होटल और मैरिज गार्डन में शूट-बूट चोर गैंग सक्रिय

**आंखों के सामने ही पार कर जाते हैं जेवर और कीमती सामान**

**रायपुर 18 फरवरी।** राजधानी रायपुर के होटलों और मैरेज गार्डनों में इन दिनों सूट-बूट चोर गैंग सक्रिय हो गया है। तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित होटल में आयोजित शादी समारोह में सूट-बूट पहनकर चोर शादी समारोह में घुस गए और जेवर से भरा बैग लेकर फरार हो गए। चोरी का वीडियो और दो आरोपियों के होटल से निकल कर भागने का वीडियो सामने आया है। जिसमें चोर दुल्हा-दुलहन के और मेहमानों के पीछे ही खड़े होकर चोरी को अंजाम देते दिखाई दे रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी गिरोह राजगढ़ का है। मामले में तेलीबांधा थाने में रामसागर पारा अविनाश आहुजा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। प्रार्थी ने बताया कि 14 फरवरी को प्रार्थी की सगाई थी। कार्यक्रम बेबीलान इंटरनेशनल होटल में शाम 07.30 बजे से आयोजित था। प्रार्थी के परिवार और लड़की के परिवार वाले एवं अन्य मेहमान लगभग 100 लोगों की संख्या मौजूद थे।

कार्यक्रम में वधु को एक सोने का पेंडेट सेट कान की बुंदे के साथ, एक सोने की अंगूठी और अन्य उपहार दो ज्वेलरी बाक्स के साथ दिए गए थे। रात करीबन 09.45 बजे देखा कि एक सोने का पेंडेट सेट कान की बुंदे के साथ गायब था। मौके पर फोटोग्राफर मौजूद था, जो वीडियो शूटिंग कर रहा था। साथ ही होटल का सीसीटीवी भी चालू थे। जिसकी जांच के बाद दो संदिग्धों को देखा गया। फोटाग्राफर की रिकार्डिंग और होटल का कैमरा चेक करने पर दो संदिग्ध व्यक्ति दिखे। इसमें से एक व्यक्ति जब लड़का-लड़की को अंगूठी पहना रहा था, इसी दौरान स्टेज के पीछे से आए चोर ने बाक्स को उठाकर कोट में छिपाकर ले जाते हुए दिखाई दिया। वहीं दोनों चोर एक साथ होटल से बाहर जाते हुए भी नजर आए।

# मिलेट्स के स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू से महकी राजधानी

**रायपुर, 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ मिलेट कार्निवाल के पहले दिन आज राजधानी रायपुर का नेताजी सुभाष स्टेडियम मिलेट्स के स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू से महक उठा। यहां भारत की नामी शेफ गुंजन गोएला ने स्वाद और सेहत से भरपूर मिलेट के स्वादिष्ट व्यंजन बनाना सिखाया और दर्शकों को खिलाया। उन्होंने बाजरे, मटर और पुदीने का सूप, बाजरे की खिचड़ी और बाजरे की रोटी, गुड़ चूरमा के साथ बनाकर खिलाया। मिलेट्स के व्यंजन चखकर लोगों ने जाना कि बाजरे के सूप, रोटी और खिचड़ी में भी स्वाद और सेहत का खजाना छुपा है। इस बीच शेफ गुंजन गोएला ने लोगों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए और मिलेट को लेकर उनकी शंकाओं का समाधान किया।




शेफ गुंजन गोएला ने कहा कि भारत में पाक विद्या की समृद्ध संस्कृति रही है। जिस पर युवा पीढ़ी को रिसर्च करने की जरूरत है। मिलेट्स हमारा प्राचीन भोजन रहा है, जिसे हम फिर अपना कर भारत को भविष्य के सुपर फूड से समृद्ध बना सकते हैं। इससे हम अपनी सेहत के साथ किसानों की भी मदद कर सकते हैं। मिलेट्स पौष्टिकता से भरपूर होते हैं और जल्दी उगते हैं। उन्होंने कहा कि खाने के पहले यह जान लेना चाहिए कि मिलेट्स क्यों और कैसे खाया जाए। उन्होंने बताया कि मिलेट्स में हाई फाइबर और पोषक तत्व होते हैं। इसलिए उन्हें पकाने में अधिक पानी का उपयोग करना चाहिए । धीरे-धीरे अपने खाने में मिलेट्स को शामिल करें तो एक समय खाने का 80 प्रतिशत हिस्से में मिलेट्स शामिल हो जाएगा। डायबिटीज और हार्ट पेशेंट के लिए यह बहुत फायदेमंद है क्योंकि इसका गाइसीमिक इंडेक्स लो रहता है और इसमें स्टार्च कम होता है।

दर्शकों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि किडनी के पेशेंट कोदो, सावा खा सकते हैं, इसे बनाने में घी कम उपयोग होता है। उन्होंने बताया कि सावा से अच्छा दोसा बनाया जा सकता है। पफ मिलेट्स की भेलपूरी बनाई जा सकती है। मिलेट्स से पेनकेक, शेक और केक भी बनाए जा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य लघुवनोपज संघ और आईआईएमआर हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय मिलेट कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। इस अनूठे कार्निवाल में मिलेट फूड कोर्ट भी लगाया गया है जहां नागरिक मिलेट के स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद ले सकते हैं। मिलेट कार्निवाल का उद्देश्य मिलेट को लोगों के दैनिक आहार में शामिल करने तथा इसके पोषक मूल्य के प्रति जनजागरूकता लाना है।

# चोरी के दो मामलों में युवक पकड़ाये

**रायपुर, 18 फरवरी।** राजधानी के टिकरापारा थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में सूने मकानों में चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामन बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार रावतपुरा कॉलोनी फेस-1 में रहने वाले दुष्यंत जायसवाल ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 फरवरी को उसके सूने मकान में अज्ञात चोर मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर रखें डीव्हीआर, 2 नग इण्डेन गैस का सिलेण्डर तथा 1 दोपहिया वाहन चोरी कर ले गया है। इसी प्रकार एक अन्य मामले में रावतपुरा कालोनी फेस -1 में किराये के मकान में रहने वाले लिकेन्द्र प्रसाद सायर ने भी थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 फरवरीी को ही उसके सूने मकान के दरवाजे का कुंदा उखाड़कर अज्ञात चोर घर में रखा 2 नग इण्डेन गैस सिलेण्डर, 2 नग एलसीडी टीव्ही तथा 1 नग ब्लूटूथ स्पीकर चोरी कर ले गया। दोनों ही मामलों में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में धारा 457, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामलें में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थीयों सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा गुढियारी गोकुल नगर निवासी मोह. फैजान की पतासाजी कर पकड़ा गया। घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर मोह. फैजान द्वारा अपने अन्य साथी मोहम्मद शमशे आलम के साथ मिलकर उक्त चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी मोहम्मद शमशे आलम की भी पतासाजी कर गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 4 नग सिलेण्डर गैस, 1 नग दोपहिया वाहन, 2 नग एल.सी.डी. टी.व्ही., 1 नग ब्लूटूथ स्पीकर जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। आरोपी मोहम्मद फैजान बक्श पूर्व में भी चोरी के प्रकरण में जेल निरूद्ध रह चुका है।

# 20 फरवरी को विकास उपाध्याय के निवास का घेराव करेंगे भाजपाई

**राजधानी में भाजपा का आंदोलन सफल : पटेल**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 18 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा नेताओं की हत्या के विरोध में सफल चक्काजाम करने के पश्चात अब पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकास उपाध्याय के विज्ञान महाविद्यालय जीई रोड के पास शासकीय निवास को 20 फरवरी को घेरा जाएगा। भाजपा के शहर अध्यक्ष जयंती भाई पटेल ने बताया कि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकास उपाध्याय द्वारा अभी तक कोई भी महत्वपूर्ण कार्य नहीं किया गया है इससे जनता में रोष है। जीई रोड के किनारे सौंदर्यीकृत हिस्से को उखाड़कर अब वहां पर चौपाटी बनाई जा रही है। इस चौपाटी में दुकानों की कीमत लाखों रुपए रखी गई है। इसका किराया भी बहुत ज्यादा है। इसको लेकर पूर्व विधायक राजेश मूणत ने धरना-प्रदर्शन किया था। फिलहाल यह मामला कोर्ट में लंबित है। शहर भाजपा अध्यक्ष के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं उत्तर के विधायक कुलदीप जुनेजा के शासकीय कार्यालयों का भी घेराव किया गया था। आगामी चुनाव को देखते हुए भाजपा के सभी नेता, कार्यकर्ता एवं दावेदार सक्रिय होकर सामने आ रहे हैं। पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अब उनमें उत्साह है। शहरी क्षेत्र के मतदाता इस समय वर्तमान सरकार से नाराज हैं जिसका फायदा भाजपा नेता व कार्यकर्ता उठाना चाहते हैं। भाजपा द्वारा निकट भविष्य के लिए और भी कार्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। विधानसभावार सभी संभावित कार्यकर्ताओं की सूची बनाई जा रही है। जातिगत समीकरण के आधार पर प्रत्याशियों को चयनित किया जाएगा।

# बौद्धिक संपदा पर आधारित अर्थव्यवस्था आज के समय में महत्वपूर्ण

**रायपुर 18 फरवरी।** विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के शिक्षा विभाग एवं कलिंगा यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक सम्पदा अधिकारः शैक्षणिक विश्व में एक अवलोकन एवं निहितार्थ विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन का समापन समारोह मुख्य अतिथि ज्ञानेश शर्मा (अध्यक्ष योग आयोग छत्तीसगढ़ शासन), कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अमिताभ बैनर्जी (प्राचार्य शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर )एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. स्वर्णलता सराफ (प्रोफेसर फार्मेसी अध्ययन शाला पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर) की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



इस अवसर पर ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि बौद्धिक संपदा पर आधारित अर्थव्यवस्था आज के युग में महत्वपूर्ण हो गया है ।बौद्धिक संपदा आज समृद्धि की पहली आवश्यकता है ।पुराने समय में सरस्वती और लक्ष्मी का कहीं मेल नहीं था। परंतु आज युग में जिसके पास सरस्वती है उसी के पास लक्ष्मी होगा ।भारत ज्ञान और विज्ञान में अग्रणी था, आवश्यकता उस ज्ञान के व्यावहारिक उपयोग की है। डॉ .अमिताभ बनर्जी ने अपने उदबोधन में कहा कि आज शैक्षणिक संस्थाओं में शोध का स्तर बढ़ाने की आवश्यकता है। गुणवत्तापूर्ण शोध का लक्ष्य समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान होना चाहिए। शोध का उद्देश्य सामाजिक आर्थिक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते हुए जीवन यापन या रोजगार बढ़ाने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। डॉ . स्वर्णलता सराफ ने कहा छत्तीसगढ़ में नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए यह एक बहुत अच्छा विषय है ।भारत के डीएनए में बहुत नॉलेज है ।सांस्कृतिक ,साहित्यिक और अन्य रचनात्मक बौद्धिक संपदा की कोई कमी नहीं है ।आयुर्वेदिक का ज्ञान हमारा बहुत बड़ा भंडार है । आवश्यकता है कि ज्ञान को अपने अधिकार में कैसे लाएं और कैसे अपने राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे।यह सीखने व जानने की आवश्यकता है, इस प्रकार की जागरूकता के लिए इस प्रकार के कॉन्फ्रेंस की आवश्यकता है। पेटेंट, ट्रेडमार्क ,कॉपीराइट अधिक उपायों से बौद्धिक संपदा का व्यवसायिक रूपांतरण से आर्थिक उन्नति आज की आवश्यक है। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र कॉलेज एवं कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा हाई ब्रीड मोड में आयोजित संयुक्त नेशनल कॉन्फ्रेंस में 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विषय विशेषज्ञों के उदबोधन एवं प्रस्तुत शोध पत्रों के माध्यम से भौतिक संपदा के संरक्षण एवं व्यावहारिक उपयोग का ज्ञान हम सभी ने प्राप्त किया। जिसका उपयोग शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि के साथ नैक के मापदंडों को पूर्ण करने के उद्देश्य को प्राप्त करेंगे।

राष्ट्रीय सम्मलेन की संयोजक विप्र महाविद्यालय के शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या शर्मा अंत में आभार प्रदर्शन किया। इसके पूर्व कलिंगा विश्वविद्यालय की संकाय अध्यक्ष डॉ. श्रद्धा वर्मा ने नेशनल कांफ्रेंस का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इसके पूर्व तकनीकी सत्र में डॉ .अमित दुबे ,वैज्ञानिक छत्तीसगढ़ काउंसिल आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के द्वारा आई. पी.आर. परिस्थितिकी तंत्र एवं परिषदों की भूमिका पर सारगर्भित व्याख्यान का लाभ समस्त प्रतिभागियों ने उठाया।इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों और प्रतिभागियों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23